अंततः, चातुर्मासीन खाद्य एवं पर्व-परंपराएँ भारतीय ज्ञान-परंपरा में ऋतु-अनुकूलन, आहार-संयम, धार्मिक अनुशासन, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक निरंतरता के परस्पर जुड़े हुए आयामों को व्यक्त करती हैं। यह परंपरा को उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ज्ञानात्मक संदर्भ में समझते हुए समकालीन प्रमाणों के साथ उसका आलोचनात्मक संवाद स्थापित करने का प्रयास करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Bhavana, K. R. (2023). *Festivals of Ayurveda: Scope and challenges*. AYU, 44(1), 44–50. https://doi.org/10.4103/ayu.ayu_18_23.
2. Kapoor, R., Sabharwal, M., & Ghosh-Jerath, S. (2022). *Indigenous foods of India: A comprehensive narrative review of nutritive values, antinutrient content and mineral bioavailability of traditional foods consumed by indigenous communities of India*. Frontiers in Sustainable Food Systems, 6, 696228. https://doi.org/10.3389/fsufs.2022.696228.
3. Sarkar, P., Lohith Kumar, D. H., Dhumal, C., Panigrahi, S. S., & Choudhary, R. (2015). *Traditional and ayurvedic foods of Indian origin*. Journal of Ethnic Foods, 2(3), 97–109. https://doi.org/10.1016/j.jef.2015.08.003.
4. Thakkar, J., Chaudhari, S., & Sarkar, P. K. (2011). *Ritucharya: Answer to the lifestyle disorders*. AYU, 32(4), 466–471. https://doi.org/10.4103/0974-8520.96117.
5. Trepanowski, J. F., & Bloomer, R. J. (2010). *The impact of religious fasting on human health*. Nutrition Journal, 9, 57. https://doi.org/10.1186/1475-2891-9-57.
6. Trabelsi, K., Ammar, A., Boujelbane, M. A., et al. (2022). *Religious fasting and its impacts on individual, public, and planetary health*. Frontiers in Nutrition, 9, 1036496. https://doi.org/10.3389/fnut.2022.1036496.
7. Visioli, F., Mucignat-Caretta, C., Anile, F., & Panaite, S.-A. (2022). *Traditional and medical applications of fasting*. Nutrients, 14
8. (3), 433. https://doi.org/10.3390/nu14030433.
9. Bhavana, K. R. (2023). Festivals of Ayurveda: Scope and challenges. *AYU, 44*(1), 44–50. https://doi.org/10.4103/ayu.ayu_18_23
10. Kapoor, R., Sabharwal, M., & Ghosh-Jerath, S. (2022). Indigenous foods of India: A comprehensive narrative review of nutritive values, antinutrient content and mineral bioavailability of traditional foods consumed by indigenous communities of India. *Frontiers in Sustainable Food Systems, 6*, 696228. https://doi.org/10.3389/fsufs.2022.696228
11. Maslov, P. Z., Sabharwal, B., Ahmadi, A., Baliga, R., & Narula, J. (2022). Religious fasting and the vascular health. *Indian Heart Journal, 74*(4), 270–274. https://doi.org/10.1016/j.ihj.2022.07.005
12. Muscogiuri, G., Barrea, L., Di Somma, C., et al. (2022). Religious fasting and its impacts on individual, public, and planetary health: Fasting as a "religious health asset" for a healthier, more equitable, and sustainable society. *Frontiers in Nutrition, 9*, 1036496. https://doi.org/10.3389/fnut.2022.1036496
13. Sarkar, P., Lohith Kumar, D. H., Dhumal, C., Panigrahi, S. S., & Choudhary, R. (2015). Traditional and ayurvedic foods of Indian origin. *Journal of Ethnic Foods, 2*(3), 97–109. https://doi.org/10.1016/j.jef.2015.08.003
14. Thakkar, J., Chaudhari, S., & Sarkar, P. K. (2011). Ritucharya: Answer to the lifestyle disorders. *AYU, 32*(4), 466–471. https://doi.org/10.4103/0974-8520.96117
15. Trepanowski, J. F., & Bloomer, R. J. (2010). The impact of religious fasting on human health. *Nutrition Journal, 9*, 57. https://doi.org/10.1186/1475-2891-9-57
16. Visioli, F., Mucignat-Caretta, C., Anile, F., & Panaite, S.-A. (2022). Traditional and medical applications of fasting. *Nutrients, 14*(3), 433. https://doi.org/10.3390/nu14030433

****

साहित्य समीक्षा

क्र.	लेखक एवं वर्ष	अध्ययन / स्रोत	प्रमुख निष्कर्ष
1	Thakkar, Chaudhari, & Sarkar (2011)	*Ritucharya: Answer to the Lifestyle Disorders*	अध्ययन बताता है कि आयुर्वेद में ऋतु परिवर्तन के अनुसार आहार–विहार में परिवर्तन को निवारक स्वास्थ्य से जोड़ा गया है। वर्षा ऋतु में पाचन एवं शरीर की स्थिति के अनुसार आहार संबंधी विशिष्ट निर्देश मिलते हैं।
2	Sarkar et al. (2015)	*Traditional and Ayurvedic Foods of Indian Origin*	अध्ययन भारतीय पारंपरिक खाद्य पदार्थों, आहार संबंधी दिशानिर्देशों, खाद्य–प्रसंस्करण, कार्यात्मक घटकों और ऋतु संबंधी विचारों का परीक्षण करता है।
3	Bhavana (2023)	*Festivals of Ayurveda: Scope and Challenges*	अध्ययन पर्वों को परंपरा, सांस्कृतिक निरंतरता, सामाजिक एकजुटता तथा स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक आयामों से जोड़ता है। लेखकों ने आयुर्वेदिक ग्रंथों और पुराणों का व्यवस्थित अध्ययन किया।
4	Kapoor, Sabharwal, & Ghosh-Jerath (2022)	*Indigenous Foods of India: A Comprehensive Narrative Review of Nutritive Values, Antinutrient Content and Mineral Bioavailability of Traditional Foods Consumed by Indigenous Communities of India*	508 देशज खाद्य पदार्थों की पोषक संरचना का संकलन किया गया। अनेक पारंपरिक खाद्य पदार्थों में लौह,कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन C आदि का उल्लेखनीय पोषणीय स्तर पाया गया साथ ही प्रति–पोषक तत्वों और जैव–उपलब्धता का भी परीक्षण किया गया।
5	Visioli, Mucignat-Caretta, Anile, & Panaite (2022)	*Traditional and Medical Applications of Fasting*	उपवास के कोशिकीय एवं चयापचय संबंधी तंत्रों पर उपलब्ध प्रमाणों की समीक्षा की गई। साथ ही स्पष्ट किया गया कि यांत्रिक/जैविक प्रमाणों का बड़ा भाग कोशिकीय एवं पशु–अध्ययनों से आता है और दीर्घकालिक उपवास के नैदानिक लाभों के संबंध में सावधानी आवश्यक है।
6	Trepanowski & Bloomer (2010)	*The Impact of Religious Fasting on Human Health*	रमजान, ऑर्थोडॉक्स ईसाई तथा डेनियल उपवास के पोषणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों की समीक्षा की गई तथा निष्कर्षों में विविधता एवं मिश्रित परिणामों की बात कही गई।
7	Maslov et al. (2022)	*Religious Fasting and the Vascular Health*	उपवास के संभावित प्रभावों पर प्रायोगिक एवं नैदानिक प्रमाणों की चर्चा की गईय सूजन, इंसुलिन संवेदनशीलता और रक्तवाहिकीय तंत्र जैसे मार्गों का उल्लेख किया गया।
8	Muscogiuri et al. (2022)	*Religious Fasting and Its Impacts on Individual, Public, and Planetary Health*	अभिलेखों के प्रारंभिक समूह से समीक्षा–अध्ययनों की छँटाई की गई तथा धार्मिक उपवास के व्यक्तिगत, सार्वजनिक और पृथ्वी–स्वास्थ्य संबंधी आयामों का अध्ययन किया गया।
9	Patel (2022)	*Ritu Charya – Seasonal Regimens According to Ayurveda – A Review*	आयुर्वेद में वर्ष को छह ऋतुओं में विभाजित करने तथा ऋतु के अनुसार आहार–विहार में परिवर्तन की समीक्षा की गई।
10	Bhavana (2023)	*Festivals of Ayurveda: Scope and Challenges — Textual and Cultural Dimension*	पर्वों को सांस्कृतिक निरंतरता, सामुदायिक सद्भाव, पारिवारिक मूल्यों तथा सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों से जोड़ते हुए उनका पाठ्य–संकलन किया गया।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LV (55), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राजस्थान में लकुलीश की मूर्तियाँ: पुरातात्त्विक साक्ष्यों के आधार पर एक पुनर्मूल्यांकन

ललित धाकड*

* शोधार्थी, इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – लकुलीश का शैव मत के धार्मिक और कला इतिहास में एक विशेष स्थान है। पाशुपत संप्रदाय के प्रमुख आचार्य के रूप में वे समय के साथ एक धार्मिक गुरु से शिव के एक महत्त्वपूर्ण अवतार के रूप में पूजे जाने लगे। राजस्थान लकुलीश की प्रतिमाओं के अध्ययन के लिए एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है, क्योंकि इस क्षेत्र मे उपलब्ध पुरातात्त्विक साक्ष्य, मंदिर स्थापत्य, अभिलेख और मूर्तियाँ सामूहिक रूप से पूर्व मध्यकाल से लकुलीश-पाशुपत संप्रदाय की उपस्थिति को पुख्ता करते हैं। राजस्थान की लकुलीश प्रतिमाओं पर सामान्यत: या तो शैव धर्म के व्यापक इतिहास के अंतर्गत चर्चा की गई है अथवा यहा के मंदिरों के संदर्भ में लिखते समय इनका वर्णन हुआ है। ऐसे मे इस क्षेत्र मे एक राजस्थान केंद्रित व्यापक पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता महसूस होती है।

प्रस्तुत शोध-पत्र राजस्थान में लकुलीश की मूर्तिकला का अध्ययन पुरातात्त्विक स्त्रोतों, मंदिर स्थापत्य, अभिलेखीय साक्ष्य और कला-ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर करता है। इस दौरान विशेष ध्यान मेवाड़ के एकलिंगजी, नागदा, झालरापाटन, सीकर के हर्षनाथ, मेनाल, चित्तौड़गढ़ तथा हाड़ौती क्षेत्र के साक्ष्यों पर दिया गया है। अध्ययन में लकुलीश के विभिन्न रूपों की प्रमुख विशेषताओं का विश्लेषण किया गया है। जिनमें मुख्य रूप से बेठी मुद्रा, खड़ी मुद्रा, ऊर्ध्वमेढ्र मुद्रा, योगिक मुद्रा, तपस्वी मुद्रा तथा स्थापत्य में अंकित अन्य स्वरूप एवं उनकी विशेषताए सम्मिलित हैं।

शब्द कुंजी – लकुलीश, लकुलीश पाशुपत, शैव धर्म, राजस्थान, हर्षनाथ, झालरापाटन, मेनाल,एकलिंगजी, मंदिर मूर्तिकला।

प्रस्तावना – पूर्व मध्यकालीन राजस्थान का धार्मिक इतिहास खंगालने पर मालूम होता है की इस दौरान अनेक धार्मिक परंपराओं का समानांतर विकास हो रहा था। इस धार्मिक परिदृश्य में शैव धर्म का विशेष महत्त्व था और इसकी उपस्थिति मंदिरों, मूर्तियों, अभिलेखों, तीर्थ स्थलों तथा धार्मिक संस्थाओं के माध्यम से प्रमाणित होती है। व्यापक शैव परंपरा के भीतर अनेक दार्शनिक और संप्रदायगत स्वरूप विद्यमान थे। इनमें पाशुपत परंपरा विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी अपनी विशिष्ट तप क्रियाए, धार्मिक सिद्धांत थे तथा यह परंपरा सबसे प्रकांड शैव आचार्य लकुलीश के साथ भी जुड़ी थी।

लकुलीश को परंपरागत रूप से लकुलीश-पाशुपत संप्रदाय का संस्थापक अथवा प्रमुख आचार्य माना जाता है। समय के साथ उन्हें शिव का अवतार माना जाने लगा। इस परिवर्तन का उनकी छवि पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। जो गुरु मूलत: एक संप्रदाय की धार्मिक परंपरा में स्मरण किए जाते थे, वे देवताओ के समकक्ष मंदिर मूर्तिकला के एक महत्वपूर्ण विषय बन गए।

राजस्थान इस परिवर्तन के अध्ययन के लिए विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत करता है। इस क्षेत्र से दो प्रकार की ऐतिहासिक सूचनाएँ संयुक्त रूप से प्राप्त होती हैं मूर्तिकला से प्राप्त दृश्य साक्ष्य तथा अभिलेखों से प्राप्त पाठ्य सामग्री। राजस्थान का महत्त्व केवल उपलब्ध मूर्तियों की संख्या तक सीमित नहीं है। इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण यह संभावना है कि लकुलीश का अध्ययन वास्तविक मंदिरों, संप्रदायगत संस्थाओं तथा क्षेत्रीय राजनीतिक संरचनाओं के संदर्भ में किया जा सकता है।

इस शोध-पत्र का प्रमुख उद्देश्य पुरातात्त्विक साक्ष्यों के आधार पर राजस्थान में लकुलीश की मूर्तिकला का पुनर्मूल्यांकन करना है। राजस्थान के बाहर के साक्ष्यों का उपयोग केवल वहीं किया गया है जहाँ वे राजस्थान की सामग्री की पहचान अथवा उसके विकास को समझाने के लिए आवश्यक हैं।

मूर्तिकला में लकुलीश : राजस्थान के विशेष संदर्भ में – राजस्थान में लकुलीश के अध्ययन का इतिहास अपेक्षाकृत बिखरा हुआ है। पहले भारतीय पुरातत्तव और प्रतिमा-विज्ञान के प्रारंभिक विद्वानों ने असामान्य शैव प्रतिमाओं की पहचान करने तथा उनके पाशुपत परंपरा से संबंध को स्थापित करने पर ध्यान दिया। बाद में राजस्थान से प्राप्त विशिष्ट मूर्तियाँ और अभिलेख विशेष अध्ययनों का विषय बने।

इस क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण विद्वानों में आर. सी. अग्रवाल का नाम उल्लेखनीय है, जिन्होंने राजस्थान से प्राप्त लकुलीश की मूर्तियों पर विशेष अध्ययन प्रकाशित किए। उनका लेख **'सम इंटरेस्टिंग स्कल्पचर्स ऑफ लकुलीश फ्रॉम राजस्थान'** तथा बाद का अध्ययन **'टू स्टैंडिंग लकुलीश स्कल्पचर्स फ्रॉम राजस्थान'** वर्तमान अध्ययन के लिए विशेष महत्त्व रखते हैं। इन अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि लकुलीश को केवल बैठे हुए रूप (बहुधा प्रचलित मुद्रा) में ही प्रस्तुत नहीं किया गया था।

नंदिनी सिन्हा का गुहिलों, पाशुपतों और एकलिंगजी पर अध्ययन भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें लकुलीश के साक्ष्यों को मेवाड़ के राजनीतिक और धार्मिक इतिहास के संदर्भ में रखा गया है। उनके अध्ययन

में चित्तौड़गढ़ से प्राप्त चतुर्भुज लकुलीश प्रतिमाओं, एक खड़ी हुई लकुलीश प्रतिमा तथा कोटा और झालावाड़ जिलों से प्राप्त बैठे हुए चतुर्भुज रूपों का विवरण मिलता है।

लगभग आठवीं से दसवीं शताब्दी के बीच राजस्थान की मूर्तिकला परंपराओं के संबंध में नीलिमा वशिष्ठ का अध्ययन भी एक महत्त्वपूर्ण आधार प्रदान करता है। उनका कार्य राजस्थान की मूर्तिकला परंपरा की समृद्धि को प्रदर्शित करता है और इसमें लकुलीश को क्षेत्र से संबंधित महत्त्वपूर्ण मूर्तिकला की श्रेणियों में सम्मिलित किया गया है।

वही पुरातात्विक अभिलेखों मे एकलिंगजी अभिलेख पर डी. आर. भंडारकर का कार्य विशेष महत्व का है। यह अभिलेख इसलिए विशेष मूल्यवान है क्योंकि यह केवल किसी एक मूर्ति की पहचान नहीं करता, बल्कि मेवाड़ के धार्मिक इतिहास को सीधे लकुलीश पाशुपत परंपरा से जोड़ता है।

लकुलीश की पहचान किसी एक लक्षण के आधार पर नहीं, बल्कि अनेक विशेषताओं के संयुक्त आधार पर की गई है। निम्नलिखित विशेषताओं को एक साथ ध्यान में रखा गया है:

1. लकुट अथवा गदा
2. योगिक अथवा तपस्वी मुद्रा
3. ऊर्ध्वमेढ्र प्रस्तुति (उभरे हुए लिंग वाली मुद्रा)तपस्वी केश विन्यास
4. भुजाओं की संख्या (द्विभुज, चतुर्भुज)
5. परिचारक आकृतियाँ
6. स्थापत्य स्थिति
7. अन्य शैव आकृतियों के साथ संबंध

प्रतिहार कालीन तकुतीश की मूर्ति, 9वीं शताब्दी

इस अध्ययन का एक प्रमुख कार्यप्रणालीगत सिद्धांत यह है कि केवल गदा धारण करने वाली किसी शैव आकृति को स्वत: लकुलीश नहीं माना जाना चाहिए। इसी प्रकार केवल उभरे हुए लिंग के आधार पर किसी ऊर्ध्वमेढ्र मुद्रा वाले तपस्वी को लकुलीश नहीं माना जाना चाहिए। पहचान प्रतिमाविज्ञान और संदर्भ के संयुक्त साक्ष्य से होनी चाहिए।

लकुलीश की प्रतिमा किसी एक कठोर पैमाने से निर्धारित नहीं होती। पुरातात्विक साक्ष्य पर्याप्त विविधता प्रदर्शित करते हैं। एक सामान्य रूप में लकुलीश को योगिक मुद्रा में बैठे हुए, प्राय: तपस्वी मुद्रा और गदा के साथ प्रदर्शित किया जाता है। अन्य उदाहरणों में वे खड़े हुए भी दिखाई देते हैं। कुछ मूर्तिया चतुर्भुज हैं, जिससे पता चलता है कि उनकी आकृति ने स्पष्ट रूप से दिव्य स्वरूप ग्रहण कर लिया था।

बहु-भुजाओं की उपस्थिति महत्त्वपूर्ण है। किसी संप्रदाय के गुरु से सामान्यत: मानव शरीर और दो भुजाओं की अपेक्षा की जाती है। इसके विपरीत चतुर्भुज रूप यह संकेत करते हैं कि आकृति का दैवीकरण हो चुका था। कुछ प्रतिमाओं में ऊर्ध्वमेढ्र लक्षण भी महत्त्वपूर्ण है। इसे केवल कामुक चित्रण के रूप में नहीं समझना चाहिए। तपस्वी शैव धर्म के संदर्भ में यह यौन ऊर्जा पर नियंत्रण, तप की शक्ति और अलौकिक सामर्थ्य का प्रतीक हो सकता है।

आर. सी. अग्रवाल के शोध का एक महत्त्वपूर्ण योगदान राजस्थान से प्राप्त खड़े हुए लकुलीश की मूर्तियों का दस्तावेजीकरण है।

लकुलीश की पारंपरिक प्रतिमा की कल्पना प्राय: बैठे हुए योगिक स्वरूप में की जाती है। खड़ी हुई प्रतिमाएँ इस सामान्य समझ को चुनौती देती हैं। खड़ा हुआ रूप यह प्रदर्शित करता है कि मूर्तिकला संबंधी परंपरा किसी सीधे-सरल पाठ्य मॉडल की तुलना में अधिक लचीली थी। खड़ी हुई प्रतिमाएँ विशेष रूप से मूल्यवान हैं क्योंकि वे प्रमाणित करती हैं कि लकुलीश की मूर्तिकला को केवल मुद्रा के आधार पर परिभाषित नहीं किया जा सकता।

चतुर्भुज लकुलीश भी समान रूप से महत्त्वपूर्ण हैं। दो अतिरिक्त भुजाओं के जुड़ने से प्रतिमा का स्वरूप बदल जाता है। इससे लकुलीश देवत्व की पारिभाषा के भीतर अधिक स्पष्ट रूप से स्थापित हो जाते हैं।

राजस्थान के उदाहरण दिखाते हैं कि लकुलीश को स्पष्ट रूप से अलौकिक छवि के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसलिए चतुर्भुज रूप को उस व्यापक धार्मिक प्रक्रिया का हिस्सा माना जा सकता है जिसमें किसी धार्मिक परंपरा के संस्थापक को धीरे-धीरे देवताओं के समूह में सम्मिलित किया गया।

पुरातात्त्विक साक्ष्य यह संकेत नहीं देते कि यह परिवर्तन सभी स्थानों पर एक ही समय में हुआ। इसके बजाय विभिन्न रूपों का सह-अस्तित्व यह दर्शाता है कि लकुलीश की अनेक अवधारणाएँ एक ही समय में विद्यमान थीं।

ऊर्ध्वमेढ्र प्रस्तुति कुछ लकुलीश प्रतिमाओं में दिखाई देने वाली सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है। शैव तपस्या के संदर्भ में खड़े हुए लिंग को केवल प्रजनन प्रतीक के रूप में नहीं समझना चाहिए। यह शरीर को नियंत्रित करने वाली तप शक्ति का प्रतिनिधित्व भी करता है। तथा यह इस बात का भी प्रतीक है की किस तरह यौन ऊर्जा आध्यात्मिक शक्ति में परिवर्तित की जा सकती है।

इस प्रकार लकुलीश की यह आकृति दो देखने में विरोधी गुणों को एक साथ प्रस्तुत करती है:

1. चरम तपस्या
2. आध्यात्मिक शक्ति

यह दोनों विशेषताए व्यापक शैव मत के धार्मिक प्रतीकवाद की भी विशेषता है। राजस्थान के उदाहरण इसलिए विशेष महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि ऊर्ध्वमेढ्र विशेषता उन संदर्भो में दिखाई देती है जहाँ लकुलीश को एक साथ गुरु और दिव्य सत्ता के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

गदा लकुलीश से संबंधित सबसे अधिक पहचाने जाने वाले लक्षणों में से एक है। 'लकुलीश' शब्द को परंपरागत रूप से लकुल अर्थात गदा अथवा दंड से संबंधित माना जाता है। हालाँकि गदा की पुरातात्विक पहचान में सावधानी आवश्यक है। दंड जैसी कोई वस्तु तपस्वियों और अन्य शैव आकृतियों में भी दिखाई दे सकती है।

इसलिए लकुलीश की पहचान करने हेतु दंड की उपस्थिति को निम्नलिखित विशेषताओं के साथ देखना चाहिए:

1. मुद्रा
2. केश-विन्यास
3. अन्य आयुध
4. स्थापत्य संदर्भ
5. संप्रदाय के प्रतीक

जहाँ गदा ऊर्ध्वमेढ्र-तपस्वी स्वरूप और उपयुक्त स्थापत्य स्थिति के साथ मिलती है, वहाँ लकुलीश के रूप में पहचान का आधार काफी अधिक मजबूत हो जाता है।

लकुलीश के प्रतिमा-विज्ञान की केंद्रीय समस्याओं में से एक उनकी दोहरी पहचान का संबंध है। पहली है, मानवीय गुरु के रूप में लकुलीश और दूसरी है, शिव के दिव्य स्वरूप में लकुलीश। राजस्थान के साक्ष्य प्रदर्शित करते हैं कि दोनों स्वरूपों का समान रूप से प्रतिनिधित्व हुआ।

तपस्वी मुद्रा और गुरु जैसी आकृति, ऐतिहासिक धार्मिक व्यक्तित्व की छवि को सुरक्षित रखती है। इसके विपरीत चार भुजाएँ, ऊर्ध्वमेढ्र रूप तथा दिव्य स्थापत्य स्थिति दैवीकरण की प्रक्रिया को दर्शाती हैं।

अत: लकुलीश की मूर्तिकला को ऐतिहासिक स्मृति और दैवीय धार्मिक सिद्धांत के बीच समन्वय के रूप में समझना सबसे उपयुक्त है।

झालरापाटन के साक्ष्य राजस्थान में लकुलीश की उपस्थिति के प्रारंभिक साक्ष्यों के रूप मे विशेष महत्त्वपूर्ण है। प्रारंभिक शैव मंदिरों में लकुलीश की उपस्थिति यह संकेत देती है कि प्रारंभिक काल में ही उनकी छवि मंदिर की मूर्तिकला में समाहित हो चुकी थी। चित्तौड़गढ़ और मेनाल के साक्ष्य लकुलीश के क्षेत्रीय शिव मंदिरों में बढ़ते हुए समावेशन का संकेत देते हैं। वही चतुर्भुज प्रतिमाओं की उपस्थिति बढ़ते हुए दैवी स्वरूप को प्रदर्शित करती है।

इस विषय मे दसवीं शताब्दी विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण चरण है। एकलिंगजी अभिलेख और हर्षनाथ मंदिर परिसर संगठित लकुलीश-पाशुपत धार्मिक गतिविधियों के मजबूत प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। जबकि अर्थणा (कोटा) जैसे स्थलों पर शैव मंदिर संस्कृति के निरंतर विकास से शैव धर्म के संप्रदायों की निरंतरता और अनुकूलन का पता चलता है। इसके अलावा बाद के साक्ष्य संकेत देते हैं कि मध्यकालीन राजस्थान की व्यापक धार्मिक और कला शब्दावली में लकुलीश समाहित हो चुके थे।

राजस्थान मे उपलब्ध साक्ष्य कई ऐसी विशेषताएँ प्रस्तुत करते हैं जो क्षेत्रीय सामग्री को विशेष बनाते हैं। पहला, लकुलीश को प्राय: स्वतंत्र प्रतिमा के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय स्थापत्य परियोजनाओ में (मंदिरों में) समाहित किया गया है। दूसरा, मेवाड़ और हाड़ौती के साक्ष्यों में चतुर्भुज रूप महत्त्वपूर्ण है। तीसरा, खड़ा हुआ रूप मूर्तिकला के सिद्धांतों में लचीलेपन को प्रदर्शित करता है। चौथा, कुछ प्रतिमाओं में ऊर्ध्वमेढ्र विशेषता विशेष रूप से प्रमुख है। पाँचवाँ, लकुलीश शिव के अन्य स्वरूपों के साथ दिखाई देते हैं। ये विशेषताएँ संकेत करती हैं कि राजस्थान के मूर्तिकारों ने स्थानीय मंदिर निर्माण की आवश्यकताओं के अनुरूप लकुलीश की मूर्तियों को ढाला था।

निष्कर्ष – लकुलीश की मूर्तियाँ राजस्थान की पूर्व मध्यकालीन शिव मूर्तिकला परंपरा का एक महत्त्वपूर्ण आयाम है। पुरातात्त्विक साक्ष्य प्रदर्शित करते हैं कि राजस्थान के अनेक क्षेत्रों मेवाड़, सीकर, दक्षिण-पूर्वी राजस्थान, मेनाल, चित्तौड़गढ़ और हाड़ौती में लकुलीश का चित्रण विभिन्न रूपों में किया गया है।

एकलिंगजी के साक्ष्य विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि यह अभिलेखीय सामग्री इस क्षेत्र को स्पष्ट रूप से लकुलीश-पाशुपत परंपरा से जोड़ती है। हर्षनाथ मंदिर एक अन्य मजबूत उदाहरण प्रस्तुत करता है, जहाँ अभिलेख और पुरातत्त्व एक-दूसरे की पुष्टि करते हैं। झालरापाटन लकुलीश के स्थापत्य महत्व को प्रदर्शित करता है। जबकि मेनाल और चित्तौड़गढ़ व्यापक शिव मूर्तिकला में लकुलीश के समावेशन को स्पष्ट करते हैं।

साक्ष्य पर्याप्त मूर्तिकलात्मक विविधता भी प्रदर्शित करते हैं। लकुलीश बैठे हुए और खड़े हुए रूपों में, द्विभुज और चतुर्भुज रूपों में तथा तपस्वी और दिव्य स्वरूप की अलग-अलग अवस्थाओं मे दिखाई देते हैं। लकुट, ऊर्ध्वमेढ्र, योगिक मुद्रा और अन्य विशेषताएँ उनकी पहचान में योगदान देती हैं। लेकिन किसी एक विशेषता को सार्वभौमिक रूप से निर्णायक नहीं माना जाना चाहिए।

अत: सबसे महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि राजस्थान में लकुलीश मूर्तिकला एक गतिशील क्षेत्रीय परंपरा का प्रतिनिधित्व करती है। राजस्थान के मूर्तिकारों ने पाशुपत गुरु की प्रतिमा को स्थानीय स्थापत्य और कलात्मक संदर्भों के अनुरूप ढाला। कुछ स्मारकों में लकुलीश की तपस्वी गुरु की छवि बनाए रखी गई है, जबकि अन्य में उन्होंने शिव के दिव्य स्वरूप की विशेषताएँ और शारीरिक लक्षण ग्रहण कर लिए। यह लचीलापन उस व्यापक ऐतिहासिक प्रक्रिया की और इशारा करता है जिसमें संप्रदायगत धार्मिक परंपराएँ पूर्व मध्यकालीन राजस्थान की विकसित होती मंदिर संस्कृति में समाहित हुई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल,आर. सी., '**सम इंटरेस्टिंग स्कल्पचर्स ऑफ लकुलीश फ्रॉम राजस्थान',** आर्टिबस एसीए(जर्नल),खंड 21, 1958, पृ. 43-44
2. अग्रवाल,आर. सी.,'**टू स्टैंडिंग लकुलीश स्कल्पचर्स फ्रॉम राजस्थान',** जर्नल ऑफ द ओरिएंटल इंस्टीट्यूट, बड़ौदा, खंड 14, 1965, पृ. 388-391.
3. भंडारकर,डी.आर.**,'एन एकलिंगजी स्टोन इनस्क्रिप्शन एंड थे ओरिजिन एंड हिस्ट्री ऑफ द लकुलीश सेक्ट'**,जर्नल ऑफ द बॉम्बे ब्रांच ऑफ द रॉयल एशियाटिक सोसाइटी, खंड 22, 1908, पृ. 151-167
4. क्रामरिश्च,स्टेला,**'द प्रेजेंस ऑफ शिव',**प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस.
5. राव, टी. ए. गोपीनाथ,**'हिन्दू प्रतिमा विज्ञान के तत्व',**मद्रास.
6. सिन्हा,नंदिनी, **'ए स्टडी ऑफ स्टेट एंड कल्ट : द गुहिल्स, पशुपत्स एंड एकलिंगजी इन मेवाड़ (सेवेंथ टू फिफ्टींथ सेंचुरीज ए.डी.)',** स्टडीज इन हिस्ट्री, खंड 9, अंक 2, 1993
7. वशिष्ठ,नीलिमा,'राजस्थान की मूर्तिकला परंपरा: 800-1000 ई.', 1989

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LV (55), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

A Comparative Study of Mental Health among Tribal Adolescents of Two Districts

Dr. Rashmi Singh* Dr. Hema Kumari Mehar**

*Assistant Professor (Psychology) Mohanlal Sukhadia University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Assistant Professor (Psychology) Mohanlal Sukhadia University, Udaipur (Raj.) INDIA

Abstract: Mental health is an important aspect of healthy adolescent development as this stage is considered to involve significant emotional, social and psychological, physical changes. Adolescents belonging to tribal communities may experience various social, educational, cultural and environmental circumstances that can influence their mental health. The present study was undertaken to assess and compare the mental health of tribal adolescents belong to two selected districts that is Dungarpur and Basnwara. A quantitative cross sectional comparative research design was adopted for the study. The sample consists of 60 tribal adolescents, with 30 each from two districts. Mental Health was assessed using a standardized psychological assessment tool. Descriptive Statistics, including mean and standard deviation, were used to describe the mental health scores of the participants. An independent t test was used to examine the difference in mental heath between the two district groups. The findings indicated differences in the mental health scores of tribal adolescents form the two districts, also the statistical significance of this difference was determined through the test. The study highlights the importance of understanding the mental health experiences of tribal adolescents within their specific social and geographical contexts.
Keywords: Mental health, tribal adolescents, comparative study, districts, psychological wellbeing.

Introduction

Mental Health: Most of us think about that when something goes wrong, when someone feels low, anxious or unable to cope then it can be defined as mentally unhealthy, but mental health is actually much bigger than the absence of illness. The World Health Organization describes "mental health as a state of wellbeing in which a person can realize their own abilities, cope with the normal stresses of life, work productively and contribute something meaningful to their community. In simple words, mental health is not just about not being sick." It is about feeling steady enough inside yourself to handle whatever life throws at you, to keep learning and growing and to still have something left over to give to the people around you. It includes things like emotional stability, a healthy sense of self-worth, the ability to bounce back after a setback, workable coping skills, relationships that feel safe and the confidence to make decisions about one's own life.

This every day, wellbeing-based way of thinking about mental health matters because it shifts the focus away from just treating problems and toward building a life that actually feels good to live. A person can be free of any diagnosed disorder and still not be mentally healthy in this fuller sense, just as a person managing a mental health condition can still lead a full and meaningful life. Mental health, then, sits on a spectrum. It moves depending on what is happening in a person's life, their relationships, their environment and the pressures they are under at any given point in time.

Mental Health Among Adolescents: Adolescence is one of the most important stretches of this spectrum, because it is when so much of a person's mental health foundation gets built, for better or worse. This is the stage between childhood and adulthood, roughly between the ages of ten and nineteen according to the World Health Organization, though many researchers now argue this window should stretch closer to twenty-four given how much longer young people take to settle into adult roles today. During these years the brain is still developing, especially the parts responsible for emotional regulation and decision making, while at the same time adolescents are dealing with new academic pressure, changing friendships, questions about identity and, for many, their first real taste of independence. It is a lot to handle all at once, and it is exactly why adolescence is considered such a sensitive window for mental health.

The numbers make this clear. Mental health conditions are now recognized as one of the biggest contributors to the overall disease burden among young people worldwide. Estimates from UNICEF and the World Health Organization suggest that around one in seven adolescents globally lives with a diagnosable mental health condition, which works out to well over one hundred and fifty million young people.

Anxiety and depression alone make up roughly forty percent of these cases, followed by conduct disorders and attention-related difficulties. Global studies tracking the burden of mental disorders from 1990 onward have also found that these numbers have kept climbing rather than levelling off, with the COVID-19 pandemic adding further strain through school closures, disrupted routines and reduced access to support systems. In India specifically, adolescents make up a very large share of the population, and mental health difficulties are known to account for a significant portion of the country's overall disease burden among young people, with a large share of these problems first showing up before the age of fourteen.

A teenager going through anxiety or low mood might just look moody, withdrawn or unmotivated, and these signs are easy to write off as a normal part of growing up. Left unnoticed, though, these patterns can carry forward into adulthood, affecting everything from academic performance to relationships to long-term physical health. This is part of why researchers keep pushing for early identification and support during these years specifically, rather than waiting until problems become more serious later on.

How Mental Health Looks Different in Tribal Areas: If adolescence is already a sensitive period for mental health, growing up in a tribal community adds another layer entirely, one shaped by geography, culture and access rather than just age and biology. Tribal communities in India, which make up roughly eight and a half percent of the country's population, often live in remote and geographically isolated areas with limited infrastructure, weaker healthcare access and lower rates of formal education. These are not small details. They directly shape how mental health difficulties show up, how often they get noticed and whether anyone is around to help when they do.

Research directly comparing tribal and non-tribal adolescents backs this up. An early study by Venu Gopal and Ashok (2012) found a noticeably higher rate of emotional and behavioral difficulties, including anxiety, low mood, withdrawal and attention problems, among tribal adolescents compared to their non-tribal peers. A more recent cross-sectional study conducted among tribal and non-tribal adolescents in a rural block of Jharkhand found a similar pattern, with tribal adolescents reporting higher rates of depression, anxiety and stress than adolescents from the surrounding non-tribal population, despite both groups living in the same broad rural setting. A separate community-based survey conducted among tribal adolescents in a district of West Bengal found that as many as two-thirds of the sample were at meaningful risk of developing a clinically significant mental health problem, with peer-related difficulties standing out as especially common (Basu, Maity, Ghosh & Roy, 2018). These are not isolated findings. Across multiple states and multiple research teams, the same pattern keeps showing up: tribal adolescents tend to carry a heavier mental health burden than their non-tribal counterparts, even when researchers try to hold other factors steady.

What is just as interesting, though, is that this burden is not spread evenly across tribal India either. It depends on which specific district or region a study looks at. A large multi-site study covering tribal adolescents in Gujarat, Tamil Nadu and Meghalaya found statistically significant differences in psychiatric morbidity between the three sites, with one state showing considerably higher rates than the others despite all three populations being tribal (Gharat et al., 2024). Even within a single state, this kind of variation shows up. A study comparing two neighbouring districts of Meghalaya found different patterns of risk between them, despite both falling under the same state government and broadly similar tribal populations (Suting & Ali, 2024). Studies from Ranchi in Jharkhand, Kohima in Nagaland and the Araku Valley in Andhra Pradesh have each reported quite different rates of emotional and behavioural problems among tribal adolescents, suggesting that where exactly a tribal adolescent grows up matters almost as much as the fact that they are tribal in the first place.

Put together, tribal adolescents are not just facing more mental health difficulty on average. They are also facing far fewer resources to deal with it, and how severe that gap feels depends heavily on the specific district or region they happen to call home.

This is exactly why understanding tribal adolescent mental health cannot rely on a single national picture or even a single state-level picture. The evidence consistently points toward real, meaningful differences from one district to the next, shaped by local infrastructure, community attitudes and how isolated or connected that particular region happens to be. Any study of tribal adolescent mental health, including the present one, needs to take this district-level texture seriously rather than treating tribal India as one uniform experience.

India is home to one of the largest tribal populations in the world, numbering in the tens of millions of people. Among the states of India, Rajasthan holds a notable place in this picture, ranking among the top states for tribal population size according to the 2011 Census. Despite this scale, tribal communities in India remain underrepresented in mainstream research, policy discourse and public conversation, which often treat tribal life as peripheral rather than as a population and culture worth understanding in its own right. This gap becomes even more pronounced when the focus narrows to tribal adolescents, a group who sit at the crossing point of two significant transitions at once: the universal developmental shift from childhood to adulthood and the more specific cultural negotiation between tradition and the pressures of modernization.

Before turning to adolescence itself, it is worth pausing on what the term "tribe" actually means, since this word carries a long and somewhat contested history. Historically there has been little consensus on its definition. Early

evolutionary anthropologists viewed tribal life through a technological lens, treating it as a lower and earlier stage of societal development on a path toward the more modern, nuclear and self-sufficient family units associated with Western societies. Morgan (1877) offered a different reading, describing the tribe as a political unit formed by kinship and shared descent. Durkheim (1984) took this further by distinguishing between two forms of solidarity that hold societies together. Stripped of this theoretical framing, a tribe in a simpler and more everyday sense is a community of people who live at the margins of urban, and at times rural, life, close to the natural environment and bound together by shared language, custom and livelihood. Tribal groups tend to practice endogamy and often remain somewhat separate from the broader population, a separation historically tied to relative disadvantage in education, occupation and social standing. In recognition of this disadvantage the Indian Constitution, through Article 342, designates certain tribes as Scheduled Tribes, extending to them reservations intended to support their educational and socioeconomic development (India, 1949). Whether these measures have succeeded in closing the gap they were designed to close remains an open and debated question, complicated further by the fact that regional identities in India, such as being Bengali in Bengal or Gujarati in Gujarat, often carry their own set of rights and privileges that scheduled tribes may not fully share, leaving them at a relative disadvantage even where formal protections exist (Xaxa, 1999).

It is also worth briefly distinguishing tribe from caste, since the two were historically used interchangeably by the British colonial administration despite being conceptually distinct.

Turning to Rajasthan specifically, the state's tribal population makes up close to fourteen percent of its total population according to the 2011 Census, placing Rajasthan sixth nationally in terms of tribal population size, behind Madhya Pradesh, which holds the top position. Within Rajasthan, Udaipur district has the highest concentration of tribal residents while Bikaner has the lowest. The state is home to a range of tribal groups including the Bhils, Minas, Damor, Garasia, Kathodi, Kokna, Koli, Nayaka, Patelia, Sahariya, Kanjar and Sansi, each distinguished by their own customs, trades, fairs and festivals, though the Bhils and Minas together account for the majority of the state's tribal population.

T aken together, these threads point toward a fuller and more balanced understanding of tribal adolescence, one that neither romanticizes hardship nor reduces tribal youth to a list of disadvantages and deficits. The present study sets out to examine tribal adolescents in Rajasthan through this mental health lens, focusing specifically on differences across districts viz Banswara and Dungarpur.

Review of Literature

Gehrat et al. 2024 studied on adolescent mental health across India's tribal belt suggests that prevalence rates vary considerably depending on the district and state in which a study is conducted, even when similar screening tools are used. In one of the more direct comparisons available, a cross-sectional survey of 623 indigenous tribal adolescents conducted across three Indian sites, Valsad in Gujarat, the Nilgiris in Tamil Nadu, and East Khasi Hills in Meghalaya, found statistically significant site-wise differences in psychiatric morbidity, with Gujarat showing the highest prevalence and Meghalaya somewhat lower, and these figures came out considerably higher overall than the prevalence reported for adolescents in India's National Mental Health Survey.

Ali et al. 2024 explicitly noted that the prevalence of emotional and behavioral problems reported in Nagaland was lower than the rates found among tribal adolescents surveyed across five northeastern states including Assam, Meghalaya, Nagaland, Manipur and Arunachal Pradesh reinforcing that even within the same broad region, district of residence appears to shape reported mental health burden.

Suting & Ali, 2024 did a within-state comparison in Meghalaya as well. A study comparing schools in the Ri-Bhoi district and the East Khasi Hills district found an overall mental health problem prevalence of roughly 31% among school-going tribal adolescents, with risk factors such as community disorganization, poor family management and low school commitment differing in their strength of association across the two district settings.

Karuturi & Kandi,2024 did a study of college students in the Araku Valley region of Andhra Pradesh reported very high rates of psychological distress, including disturbing intrusive thoughts in nearly three quarters of students, along with elevated loneliness and depression, figures well above what has been reported in most other district-level Indian studies of tribal youth.

Taken together, this body of literature indicates that district of residence is not incidental to mental health outcomes among Indian tribal adolescents. Differences in geographic isolation, healthcare infrastructure, state-level tribal population share and local socio-cultural context appear to produce meaningfully different prevalence rates from one district to the next, even among populations that share a broadly similar tribal identity. This variation is a central reason the present study treats district and regional context as relevant variables.

Methodology: A quantitative, cross-sectional comparative research design was adopted to examine the difference in mental health among tribal adolescents belonging to two selected districts that is Dungarpur and Banswara.

The total sample of 60 tribal adolescents age range 13 to 19 years, that is 30 adolescents each from Dungarpur and Banswara was taken for the study.

Objective: To compare the mental health of tribal adolescents belonging to two districts that is Dungarpur

and Banswara.

Hypothesis: There will be no significant difference in the mental health scores of tribal adolescents belonging to the two selected districts.

Variables: Independent Variable: Two districts (Dungarpur, Banswara)

Dependent Variable: Mental Health

Tool Used is Mental health battery by Arun Kumar Singh and Alpana Sengupta (1971). It consists of emotional stability, autonomy, security-insecurity, self-concept, intelligence and overall adjustment.

For statistical analysis as the sample size is 30 participants from each group so descriptive analysis and t-test is calculated.

Inclusion Critera: Participants should:

1. Adolescents within the age range defined for the study (13 to 18 years)
2. belong to the tribal population/community
3. residents of the selected district
4. enrolled in the schools from which the sample is drawn
5. willing to participate in the study
6. understand the language in which psychological tool is administered

Exclusion Criteria: Participants may be excluded if they:

1. Outside the specified age range
2. Do not belong to the tribal population
3. are not residents/students of the selected district
4. are unwilling to participate
5. have difficulty understanding the instructions or language
6. are unable to complete the assessment

Result Tables

Table 1: Descriptive Statistics for Mental Health Scores by District

District	N	M	SD
Dungarpur	30	67.70	10.84
Banswara	30	61.90	6.23
Total	60	64.80	9.24

M = mean; SD = standard deviation.

Table 2: Independent Samples t-Test for Mental Health Scores by District

Variable	Variance Assumption	t	df	Sig. (2-tailed)
Mental Health	Equal variances assumed	2.541	58	.014
	Equal variances not assumed	2.541	46.26	.014

Discussion: Adolescents from Dungarpur scored higher on mental health, on average, than adolescents from Banswara. The average score in Dungarpur was 67.70, while in Banswara it was 61.90. The scores in Dungarpur were also more spread out (a standard deviation of 10.84) compared to Banswara, where scores stayed closer together (a standard deviation of 6.23). In simple words, most adolescents in Banswara reported fairly similar experiences, while in Dungarpur some adolescents were doing quite well and others were struggling more, so the district average hides a wider range of individual experiences.

The result came out significant, t (58) = 2.541, p = .014. This means there is only a small chance (about 1.4%) that a difference this large would show up if there were actually no real difference between the two districts. Since this is well below the usual cut-off of 5%, we can say with reasonable confidence that adolescents in Banswara and Dungarpur really do differ in their mental health scores. Both rows of the test, one assuming equal variances and one not, gave the exact same result, which tells us the difference in spread between the two groups was not big enough to cause any problems with the test itself.

This kind of gap between two neighbouring districts might feel surprising at first, but it actually lines up with what other researchers have already found in similar tribal populations across India. Gharat et al. (2024) studied tribal adolescents across three very different Indian states and found that mental health problems were not equally common everywhere, some places showed much higher rates than others, even though all the adolescents came from tribal backgrounds. Suting and Ali (2024) found something similar even within a single state, comparing two districts of Meghalaya and finding different patterns of risk between them. Closer to home, qualitative work carried out with Bhil communities in Banswara itself has pointed out that mental health is rarely spoken about openly in the district and that formal support systems are limited, which may help explain why some adolescents there are doing far better than others depending on the support available to them at home or in their community. Add to this the fact that mental healthcare access varies a lot across rural Rajasthan in general, and it starts to make sense why two districts sitting right next to each other on the map can still produce two quite different pictures of adolescent mental health. In short, this finding is not an isolated result. It fits into a growing pattern researchers keep noticing where a tribal adolescent grows up in India, right down to the specific district, seems to genuinely shape how their mental health turns out.

Implications of the Study:

1. The study can help create greater awareness about the importance of mental health among tribal adolescents. This encourages adolescents to recognize emotional and psychological difficulties and seek appropriate support when needed.
2. The findings may help parents and family members understand the psychological needs of adolescents. This can encourage supportive communication, emotional understanding, and a positive home environment.
3. Teachers and school authorities can provide supportive environments, identify students who may be experiencing difficulties, and facilitate referral to

appropriate psychological services when required.
4. The findings may be useful to psychologists, counsellors, and other mental health professionals in planning culturally appropriate and accessible mental health programmes for tribal adolescents.
5. The study may provide useful information for community-based mental health awareness programmes in tribal areas. Programmes focusing on emotional well-being, coping skills, resilience, interpersonal relationships, and help-seeking behaviour may be developed according to the needs of adolescents.
6. The findings may be useful for educational and social welfare authorities in planning adolescent mental health services in tribal communities. The study can draw attention to the need for accessible, affordable, and culturally sensitive psychological services in tribal areas.

Limitations of the study:
1. The study included only 60 tribal adolescents, with 30 participants from each district. Therefore, the findings may not be generalized to all tribal adolescents.
2. Only two districts were included in the study. Tribal communities in other districts may have different social, cultural, educational, and environmental characteristics.
3. Data were collected at one point in time. Therefore, the study cannot establish how mental health may change over time.
4. Mental health was assessed using a psychological tool, and the responses may have been influenced by participants' willingness to disclose their feelings and experiences.
5. The study focused primarily on mental health and did not comprehensively examine all the factors that may influence the mental health of tribal adolescents.
6. If participants were selected based on accessibility or availability, the sample may not fully represent the wider tribal adolescent population.
7. Some adolescents may have provided socially desirable responses or may have hesitated to report their actual feelings due to concerns about confidentiality or social expectations.

Suggestions for Future Research:
1. It is suggested that the sample size should be large enough to improve the findings.
2. Similar studies can be conducted across more districts and different tribal communities to obtain a broader understanding of tribal adolescents' mental health.
3. Future research can use a longitudinal design to examine changes in mental health across different stages of adolescence.
4. Further studies can examine the role of gender in the mental health of tribal adolescents.
5. Future research may investigate the relationship between mental health and resilience, psychological well-being, character strengths, social support, family environment, and academic achievement.
6. Qualitative studies involving interviews or focus groups may be conducted to understand the lived experiences, concerns, coping strategies, and psychological needs of tribal adolescents in greater depth.
7. Future studies should consider important contextual variables such as socioeconomic status, parental education, family structure, rural/urban residence, school environment, and access to mental health services.
8. Intervention-based studies can be conducted to assess the effectiveness of strength-based, resilience-building, and school-based mental health programmes among tribal adolescents.
9. Future studies may compare tribal and non-tribal adolescents to understand whether differences in mental health are associated with community and sociocultural contexts.
10. Researchers should consider developing or adapting culturally appropriate mental health interventions and assessment approaches that are sensitive to the language, traditions, and social context of tribal communities.

Acknowledgement and Declaration: Acknowledgement: The author acknowledges the funding support received from Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan Phase 2 (RUSA 2.0) for this project undertaken at the Department of Psychology, Mohanlal Sukhadia University, Udaipur, Rajasthan, Principal Investigator Dr. Rashmi Singh and Co-Investigator Dr. Hema Kumari Mehar. RUSA is a national scheme initiated by the ministry of Education, Government of India, which aims to improve higher education in India.

Conflict of Interest: The authors declare no conflict of interest.

References:-

1. Ahmed, R., & Lester, D. (2013). Resilience, self-efficacy and subjective well-being: A review of protective factors in adolescent mental health. Journal of Psychology and Behavioral Science, 1(1), 1–9.
2. Ali, A., & Eqbal, S. (2016). Mental health status of tribal school going adolescents: A study from rural community of Ranchi, Jharkhand. Telangana Journal of Psychiatry, 2(1), 38–41.
3. Ali, A., Gujar, N. M., Deuri, S. P., & Deuri, S. K. (2024). Prevalence of mental health problems and substance use among school-going adolescents of tribal ethnicity: A preliminary study from North-East India. Indian Journal of Social Psychiatry. Advance online publication.https://doi.org/10.1177/0973134224 1239190
4. Berk, L. E. (2018). Development through the lifespan (7th ed.). Pearson.
5. Bijendra, Chauhan, R., & Mahto, R. (2015). Tribe and

caste in India: A comparative sociological analysis. Indian Journal of Social Research, 56(3), 45–58.
6. Brown, D. (2002). The role of work and cultural values in occupational choice, satisfaction, and success: A theoretical statement. Journal of Counseling & Development, 80(1), 48–56.
7. Census of India. (2011). Data on scheduled tribes. Office of the Registrar General & Census Commissioner, Government of India.
8. Clifton, D. O., & Harter, J. K. (2003). Investing in strengths. In K. S. Cameron, J. E. Dutton, & R. E. Quinn (Eds.), Positive organizational scholarship: Foundations of a new discipline (pp. 111–121). Berrett-Koehler.
9. Clifton, D. O., & Hodges, T. D. (2004). StrengthsQuest: Discover and develop your strengths in academics, career, and beyond. Gallup Press.
10. Das, S., Panigrahi, S. K., Naik, B., & Das, P. (2019). Career aspirations of tribal students: A study of socio-economic and educational determinants. Space and Culture, India, 7(2), 55–68.
11. Gharat, V. V., Chandramouleeshwaran, S., Nayak, S., War, R. J., Deshpande, S. N., Nimgaonkar, V. L., Shah, H. M., Patel, R. R., Kyndiah, M. D., Shylla, W. E. D., Sunil, V., Mohanraj, S., Devi, M. D., Shukla, K., & Devi, S. (2024). Prevalence of psychiatric morbidity and alcohol use disorders among adolescent indigenous tribals from three Indian states. Indian Journal of Psychological Medicine, 46(1), 39–45. https://doi.org/10.1177/02537176231196290
12. Gochhayat, J. (2013). Career aspiration of tribal adolescents in relation to parental education. Indian Journal of Educational Research, 32(1), 21–29.
13. Jadhav, N. (2008). Family, education and aspiration among tribal youth in India. Journal of Educational Planning and Administration, 22(4), 401–414.
14. Karuturi, R. S., & Kandi, S. (2024). Mental health needs of tribal college students in Araku Valley. Discover Mental Health, 4(1), Article 47. https://doi.org/10.1007/s44192-024-00105-1
15. Keyho, K., Gujar, N. M., & Ali, A. (2019). Prevalence of mental health status in adolescent school children of Kohima District, Nagaland. Annals of Indian Psychiatry, 3(1), 39–42. https://doi.org/10.4103/aip.aip_52_18
16. Ministry of Tribal Affairs, Government of India. (2023). Annual report 2022–23. Government of India.
17. Muhorakeye, O., & Biracyaza, E. (2021). Exploring barriers to mental health services utilization at Kabutare District Hospital, Rwanda: Perspectives from patients. Frontiers in Psychology, 12, Article 638637.
जिन्हें पीठ के पीछे होना चाहिए था।'(11)

आज की राजनीति केवल स्वार्थ की राजनीति बनकर रह गई है। राजनीति के बढ़ते अपराधीकरण के कारण आज देश में हिंसा, लुटपाट, डकैती, अपहरण और बलात्कार जैसे अपराध दिन-प्रतिदिन निरन्तर बढ़ते जा रहे हैं।

आर्थिक पक्ष – कविता में आर्थिक संवेदना का अर्थ है कवि या समाज पर धन, गरीबी, भौतिकतावाद और पूंजीवाद के प्रभाव से जुड़ी भावनाओं, विचारों और अनुभवों को व्यक्त करता है। इसमें आर्थिक असमानता, धन के प्रति लालच, उपयोगितवाद और इसके कारण मानवीय मूल्यों में गिरावट जैसे मुद्दों को शामिल किया जाता है और यह आर्थिक बदलावों से उत्पन्न होने वाली मानवीय पीड़ा या बदलावों को भी दर्शा सकती है।

'भारतीय समाज में धन का असमान वितरण हो रहा है। एक ओर हमारे समाज में ऐसे लोग है जिनके कुत्ते भी घर और कार मेंघुमते हैं, दूसरी ओर ऐसे भी लोग हैं, जो दो वक्त की रोटी भी मुश्किल से जुटा पाते हैं। जिस प्रकार देश में अमीरी की कोई सीमा नहीं है। उसी प्रकार देश में गरीबी की भी कोई सीमा नहीं है। बड़े-बड़े पूंजीपति दिन-दहाड़े गरीबों को लूट रहे है। श्रम का पसीना माटी के मोल बिक रहा है।'(12)

देष में बढ़ती हुई निर्धनता और भूखमरी से कोई भी कवि या रचनाकार अनजान नहीं रह सकते। बेचैन जी कहते हैं कि सरकार द्वारा खोली गई राशन की दुकानें भी एक तरह से उन गरीबों को यातनाएं ही देती है। क्योंकि कहने मात्र के लिए राशन गरीबों के लिए आता है, किन्तु देश में बढ़ती हुई भ्रष्ट नीतियों द्वारा उस पर भी कुण्डली जमा ली जाती है और सुविधाएं गरीब और अपेक्षित व्यक्तियों तक नहीं पहुंच पाती। जो कविता की इन पंक्तियों में व्यक्त है –

'दिन
एक राशन की दुकान की तरह खुलता है
और मुंह-सबेरे से
पंक्ति में खड़े
पिचके पेटों की पसलियां
उभर आती है उसे देखकर'(13)

निष्कर्ष – आज की कविता जिस युग में रची जा रही है। वही जीवन मूल्यों के विघटन का युग है। पारिवारिक विघटन, आर्थिक असमानता, सांस्कृतिक अवमूल्यन और राजनीतिक अस्थिरता आदि सबने मिलकर इन प्राचीन जीवन मूल्यों को पीछे ढकेल दिया है। बेचैन जी जन-जन के कवि थे। उनकी भाषा और विषय वस्तु उनकी रचनाओं को लोकप्रिय बनाती है। जीवन संघर्ष और विसंगतियों की रगड़ से ही बार-बार निखर कर बेचैन जी उज्ज्वल हुए।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. डॉ. सविता मिश्र –'डॉ. कुँअर बेचैन : सृजन के विविध आयाम,' पृ. 194
2. कुँअर बेचैन –'शब्द : एक लालटेन,' पृ. 33
3. कुँअर बेचैन–'नदी तुम रूक क्यों' गई, पृ. 27
4. कुँअर बेचैन –'शब्द : एक लालटेन,' पृ. 64
5. कुँअर बेचैन –'शब्द : एक लालटेन,' पृ. 15
6. कुँअर बेचैन –'शब्द : एक लालटेन,' पृ. 41
7. कुँअर बेचैन –'शब्द : एक लालटेन,' पृ. 42
8. डॉ. अभय खैरनार –'कुँअर बेचैन –की गजलें : संवेदना एवं शिल्प,' पृ. 108
9. कुँअर बेचैन –'शब्द :एक लालटेन,' पृ. 49
10. कुँअर बेचैन –'शब्द : एक लालटेन,' पृ. 51
11. कुँअर बेचैन –'शब्द : एक लालटेन,' पृ. 53
12. डॉ. अभय खैरनार–'कुँअर बेचैन की गजलें : संवेदना एवं शिल्प,' पृ. 122
13. कुँअर बेचैन –'शब्द : एक लालटेन,' पृ. 78

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LV (55), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

समकालीन हिंदी साहित्य और सिनेमा

श्रीमती कल्पना पांडेय शुक्ला*

* सहायक प्राध्यापक (हिंदी) स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मिडियम मॉडल कालेज, धनोरा, दुर्ग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – साहित्य और सिनेमा हमेशा से एक दूसरे के पूरक रहे हैं। जहां सिनेमा जन चेतना में अपना स्थान बनाने में सक्षम है उसकी लोकप्रियता निरंतर बनी रहती है वह समाज में परिवर्तन लाने का मुख्य साधन है वह तब संभव है जब उसकी कथावस्तु प्रभावशाली रहे और जन मानस को प्रभावित कर सके हिंदी साहित्य ने सिनेमा को प्रसिद्धि दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। जब भी ऐसा लगा कि सिनेमा का अस्तित्व खतरे में है उसने हमेशा हिंदी साहित्य की ओर उम्मीद से देखा है।

अर्थ की दृष्टि से देखें तो जो काल के समान या समानांतर चले वही समकालीन है। एक शब्द में वर्तमान काल भी कह सकते हैं। समकालीन साहित्य वह है जो वर्तमान में साहित्य रचा जा रहा है सामान्यत: यह काल स्वतंत्रता के बाद के साहित्य से लेकर आज तक का साहित्य कहा जा सकता है पर वास्तविक तौर पर देखें तो पूर्व में लिखे गए साहित्य भी चाहे वह काव्य हो कहानी या उपन्यास सारी विधाओं पर नजर डालें तो यह दृष्टिगोचर होता है कि उनके द्वारा लिखे साहित्य के विषय आज भी संदर्भित है साहित्यकार का चिंतन वही है बस परिवेश में थोड़े बहुत बदलाव आ गए हैं पर मूलत: उसका आधार वर्तमान में भी बना हुआ है ।इसलिए समकालीन साहित्य को हम किसी विशेष समय में नहीं बांध सकते ।कहा जाता है साहित्य समाज का दर्पण होता है, जैसा सीधा प्रत्यक्ष संबंध साहित्य का होता है वैसे ही सिनेमा का भी होता है क्योंकि दोनों ही मानव संवेदनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है जिसमें पाठक दर्शन श्रोता अपना एक अंतर्संबंध स्थापित करते हैं दोनों ने समाज को उसका आईना दिखाते हुए एक नई दिशा प्रदान करने करने में अहम भूमिका निभाई है। कहानी उपन्यास आदि को पढ़ते समय पाठक जो पात्रों ,वातावरण का काल्पनिक चित्रण मन में निरूपित करता है सिनेमा उसी को वास्तविक रुप में प्रदर्शित कर पाठक को दर्शक बनाकर उसकी कल्पना को साकार करता है और व्यक्ति अंतर्भूत होकर भाव विभोर हो जाता है एवं पात्रों से अपना तारतम्य स्थापित करता है यहीं साहित्य और सिनेमा पूर्णता को प्राप्त करते हैं ।

चूंकि साहित्य प्रेमी विरले होते हैं लेकिन सिनेमा का दर्शक विस्तृत है एक अनपढ़ मजदूर भी सिनेमा देखता है और बुद्धिजीवी वर्ग भी और इस प्रकार एक साहित्यकार से समूचा जन परिचित होता है । बाबू गुलाब राय के अनुसार 'साहित्य संसार के प्रति हमारी मानसिक प्रतिक्रिया है अर्थात विचारों भाव और संकल्पों की शाब्दिक अभिव्यक्ति है और वह हमारे किसी न किसी प्रकार के हित का साधन बनने के कारण संरक्षणीय है' देखा जाए तो सिनेमा एक वैज्ञानिक आविष्कार है जो जनता जनता को पहन के माध्यम से शिक्षा संस्कार और मनोरंजन देने का माध्यम है वह अच्छा विषय को भी सहज रूप से प्रस्तुत करता है।

हमारे देश में प्राचीन काल से ही रामायण महाभारत और पुराणों का कथा वाचन नाट्य निरूपण प्रस्तुत कर देश की ज्ञान संस्कृति ऐतिहासिक परंपरा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता था यह एक प्रकार से आनंद प्राप्ति का साधन भी था। आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसारख प्रत्येक देश का साहित्य वहां की जनता की चित वृत्ति में संचित प्रतिबिंब होता है,सिनेमा को समाज का सबसे जीवंत प्रतिबिंब माना जाता है सिनेमा की सौ बरस के संपादक मृत्युंजय ने अपने संपादकीय आलेख में लिखा है किसी ने मन बहुत आसानी से हमारे जीवन का हिस्सा बन गया।

प्रारंभिक सिनेमा और समाज– प्रारंभ में सिनेमा की मुख्य कथा पौराणिक धार्मिक विषय पर आधारित थी इसके पहले भारतेंदु हरिश्चंद्र ने जनचेतना केलिए अपने नाटकों के मंचन को माध्यम बनाया। हिंदी सिनेमा का आरंभ1913 में दादा साहब फाल्के की राजा हरिश्चंद्र से हुआ जो मूक फिल्म थी।1931में अलाम आरा पहली बोलती फिल्म बनी। जब राष्ट्रीय चेतना और नवजागरण का काल बल ले रहा था तब सिनेमा अपनी जड़ें बना रहा था और और धीरे–धीरे साहित्यकारों का रुझान सिनेमा द्वारा अपनी रचनाओं को जनता के समक्ष प्रस्तुत करने की तरफ हुआ जो उन्हेआर्थिक सामाजिक दोनों दृष्टि से हित चिंतक लगा किंतु प्रारंभ में हिंदी साहित्यकारों को अपने साहित्य के साथ सिनेमा द्वारा किसी भी प्रकार का समझौता मंजूर नहीं था इसलिए शुरुआती दौर में प्रेमचंद अपनी कहानी उपन्यास पर बनी फिल्मों से संतुष्ट नहीं थे। उनकी कहानी पर बनी मिल मजदूर नामक फिल्म के प्रदर्शन के बाद उन्होंने कहा यमैं इसमें जरा भी नहीं हूं सब कुछ निर्देशक है।

साहित्य पर आधारित फिल्में – प्रेमचंद का साहित्य,भारतीय सिनेमा पर भी उतना ही यथार्थ रचता है जितना अपनी लेखनी में। उनकी मिल मजदूर, शतरंज के खिलाड़ी,सद्गति,सेवा सदन,गबन, गोदान उल्लेखनीय है। फणीश्वर नाथ रेणु की मैंला आंचल, संवदिया, तीसरी कसमख्मारे गए गुलफाम।शरद चंद्रचटोपाध्याय की देवदास,परिणीता,स्वामी। सलिल चौधरी की दो बीघा जमीन, राजेंद्र यादव की सारा आकाश, मनु भंडारी की छोटी सी बात,(इतनी सी बात) रजनी गंधा,(यही सच है)। धर्मवीर भारती का सूरज का सातवां घोड़ा ,शिव मूर्ति की कसाई बाड़ा ,तिरियाचरितर, तर्पण ।कमलेश्वर की काली आंधी, बदनाम बस्ती एक सड़क संतावन गलियां।गुलशन नंदा के पत्थर के ओठ पर बनी खिलौना, पत्थर के सनम ,कटी पतंग ,दाग झील के उस पार महबूबा ।

चेतन भगत की 3 इडियट , 2 स्टेटस ,काई पो चे। शेक्सपियर के नाटकों पर बनी हिंदी फिल्में मकबूल ओमकारा, हैदर । प्रसिद्ध निर्देशक मृणाल सेनने भुवन सोम बलाईचंद मुखोपाध्याय के उपन्यास पर,खंडहर प्रेममित्र की कहानी पर आधारित थी।

वर्तमान में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं जिसमें कहानी उपन्यास जीवनीशामिल है पर कई फिल्में बन रही है कुछ वेब सीरीज जिसमें दिव्य प्रकाश दुबे की मुसाफिर कैफे ताजा उदाहरण है

समकालीन साहित्य सिनेमा और समाज का संबंध– साहित्य वो होता है जिसमें सबका हित हो जो दिखता है वही लिखा जता है अगर यह सत्य माने तो तो प्रत्येक काल का साहित्य समाज का वह आइना होता है जो समाज को उसकी अंत: स्थिति से परिचित कराता है।

मीरा जल छत्रि की पुस्तक साहित्य सिनेमा का अंतर संबंध में सिनेमा के सौंदर्य को रेखांकित करते हुए बताया है कि सिनेमा का एक तकनीकी पक्ष है और दूसरा सामाजिक यदि तकनीकी सिनेमा का जिस्म है तो समाज उसमें प्राण सूखने की क्षमता रखता है। समाज की जलन समस्या प्रवृत्तियों को साहित्य और सिनेमा विमर्श अपने संबंधों द्वारा रूपांतरण करना चुनौती भरा कार्य होता है।

प्रेमचंद की कहानी शतरंज के खिलाड़ी पर सत्यजीत रे द्वारा निर्देशित तत्कालीन राजाओं की विलासीता अव्यवस्थित प्रजातंत्र अयोग्य शासक राज्य और प्रजा के पतन का कारण होते हैं इसका मूल संदेश था ।

दो बीघा जमीन सलील चौधरी के उपन्यास पर थी सदगति जाति व्यवस्था पर कुठाराघात करती है इसी प्रकार गबन स्त्री की महत्वकनक्षा कर्ज न त्रासदी गोदान भारतीय किसान मार्मिक चित्रण साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था और नगर की यह यथार्थता को उसी रूप में प्रस्तुत किया गया है ।फणीश्वरनाथ रेणु का मैला आंचल ,डाक्दर बाबू ग्रामीण अंचल की गरीबी साधन विहिन गांव की समस्या प्रदर्शित करती है इन्हीं की मारे गए गुलफाम उपन्यास पर बनी फिल्म तीसरी कसम स्त्री विमर्श, ग्रामीण परवेश होने के बावजूद निस्वार्थ प्रेम की व्याख्या करती है शरद चंद उपाध्याय के उपन्यास देवदास ,परिणिता पर अलग–अलग समय पर फिल्म बनी और और हर बार यह फिल्म सफल रही।शरदचंद चटोपाध्याय स्त्री के प्रेम अंतर्द्वंद्व और मन की गहराई के रचयिता थे। मोहन राकेश कीआषाढ का एक दिन नाटक प्रगति एवं प्रयोगवाद से जन्मे आधुनिक मापदंड का उदाहरण प्रस्तुत करती है ।धर्मवीर भारती का सूरज का सातवां घोड़ा श्याम बेनेज्ञगल द्वारा निर्देशित फिल्म में स्त्री अपनी रूढ़िवादी छवी से भिन्न प्रस्तुत की गई है राजेंद्र यादव रचित सारा आकाश बेरोजगारी ,स्त्री पुरुष के बदलते सम्बन्ध, शहरी घुटन पर बनी।

इसी क्रम में प्रासिद्ध उन्यासकर गुलशन नंदा के उपन्यासों पर भी कई फिल्में बनी जैसे खिलौना, झील के उस पार, कटीपतंग दाग, मेहबूबा स्त्री पुरुष प्रेम, समाज की भूमिका मुख्य केंद्र रहा।भगवती चरण वर्मा के उपन्यास चित्रलेखा पर आधारित फिल्म ऐतिहासिक क्लासिक कहीं जा सकती है। इसी क्रम में आचार्य चतुरसेन के उपन्यास वैशाली की नगरवधू पर आम्रपाली एक क्लासिक फिल्म थी जो अपने समय के इतिहास का सजीव चितरण करती है यह फिल्म 39 ऑस्कर अवॉर्ड में बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज कैटिगरी में प्राविष्ट हुई थी।

दो बीघा जमीन सलिल चौधरी के उपन्यास पर थी जिसमें कृषक जीवन के यथार्थ ,कर्ज ,पलायन त्रासदी को चित्रित किया गया है ।अर्ध सत्य का स्क्रीन प्ले साहित्यकर विजय तेंदुलकर के द्वारा लिखा गया जिसके लेखक श्री पनवेल कर थे जो भारतीय पुलिस सिस्टम के सामाजिक नैतिक परिदृश्य को समाज के सामने लाती है। अमोल पालेकर के द्वारा निर्देशित पहेली राजस्थान के महान कथाकर विजयदान देथा की कहानी दूविधा पर आधारित है जो लोक कथाओं के माध्यम से स्त्री के अस्तित्व पर प्रश्न करती है।

समकालीन हिंदी साहित्यकरों में कमलेशवर के साहित्य ने भी हिंदी सिनेमा को समृद्ध किया इनके द्वारा लिखित का कालीआंधी(आंधी)नाम से प्रदर्शित की गई तत्कालीन प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व से प्रेरित मानी जाती है। यह उस समय के राजनीतिक और उसके पतन को दर्शाती है।

इन्हीं के उपन्यास एक सड़क 57 गलियां पर बादनाम बस्ती नामक फिल्म बनी जो महानगर के यांत्रिक जीवन बेरोजगारी असुरक्षा का यथार्थ चित्रण है इसी क्रम में प्रासिद्ध उपन्यासकर गुलशन नंदा के अपन्यासओं पर भी कई फिल्मएं बनी जैसे दाग कती पतंग झील के उस पार माहबुबा अधिकतर नायिका प्रधान फिल्म में रही जिसे पारिवारिक फिल्म का दर्जा दिया जा सकता है। यह दुर्भाग्य की बात रही कि गुलशन नंदा जैसे लोकप्रिय एवं सफल साहित्यकार को हिंदी साहित्य में वह स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिए था उनके उपन्यासों से बनी फिल्में अत्यंत सफल रही।

चेतन भगत की 3 ईडियट युवाओं केमानसिक द्वंद्व शिक्षा व्यवस्था को एक नया आयाम देती है। टू स्टेट अंतरजातीय विवाह और पारिवारिक मतभेद को प्रदर्शित करती है ककाई पो चे दोस्तों के रिश्ते और आपसी प्रेम की कहानी है। उपन्यासकार शिव मूर्ति की कसाई बाढ़ा ,तिरिया चरित्तार समाज में दलित स्त्री की स्थिति पुरुषों की प्रधानता और मौजूदा् समाज को सामने लाती है।

बदलते तकनीकी दौर में ओटीटी प्लेटफॉर्म समकालीन साहित्य की वीभिन्न विधाओं से कथा वास्तु ली जा रही है जिसमें लीला प्रयाग अखता की किताब पर आधारित है जो बताती है की आने वाला समय भय से ग्रसित हो सकता है। सेकंड गेम्स विक्रम चंद्रा लेखक है इसी प्रकार स्टेट आफ सीन26/11 आतंकी हमलों में लोगों के साहस की कहानी दिखाती है। मुसाफिर कैफे के दिव्य प्रकाश दुबे अपने दौर के युवक युवती के आधुनिक प्रयोगिक सोच को सामने लाते हैं जिसमें आपसी रिश्तों पर शादी की मोहर नहीं वरण विश्वास और प्रेम को महत्व दिया गया है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की अपनी मंजिल और अपने सपने होते हैं यह उपन्यास बदलते सामाजिक पर परिदृश्य का संकेत है।

इस प्रकार देखेंतो वर्तमान समाज में अनेक विमर्श इसे खोखला किया जा रहे हैं इन सभी विमर्शों पर(स्त्री विमर्श ,दलित विमर्श, किसान विमर्श वृद्ध विमर्श) हिंदी समकालीन साहित्य अपना स्वर मुखर किए हुए हैं।

दूरदर्शन पर साहित्य का प्रभाव – केवल सिनेमा ही नहीं दूरदर्शन पर भी कई साहित्यकारों की कृतियां धारावाहिक के रूप में प्रस्तुत की गई जिसमें प्रेमचंद अमृता प्रीतम मन्नू भंडारी मृणाल पांडे की कहानी प्रमुख है– तहरीर धारावाहिक प्रेमचंद केविभिन्न साहित्य कृतियों परबना था ।जैसे –निर्मला कम उम्र में विवाह एक स्त्री की सारी महत्वाकांक्षाओं के दमन का कारण होता है धारावाहिक में यह समस्या अत्यंत भावनात्मक रूप से दिखाई गई।

मनोहर श्याम जोशी द्वारा रचित धारावाहिक हम लोग, बुनियाद, मुंगेरीलाल के हसीन सपने और कक्काजी कहिन सफल धारावाहिक कहा जा कहा जाता है हम लोग और बुनियाद दूरदर्शन के प्रारंभिक धारावाहिक थे इसकी कहानी आम जनता के जीवन से जुड़ी थी इसलिए जनता काभरपूर

प्यार इस धारावाहिक को मिला ।कक्काजी कहिन हास्य व्यंग्य से पूर्ण था। 55 खंबे लाल दीवारें उषा प्रियवंदा द्वारा लिखे उपन्यास पर आधारित धारावाहिक था जिसे स्त्री विमर्श के अंतर्गत रखा जा सकता है ।

इसी प्रकार रांगेय राघव के उपन्यास- कब तक पुकारूं धारावाहिक दलित वर्ग के जीवन,खनट समुदाय, उन पर होने वाले अत्याचार स्त्रियों का शोषण को संवेदात्मक रूप से दिखाया गया है।

उपन्यासकार वृंदा लाल वर्मा के ऐतिहासिक उपन्यास पर इसी नाम से धारावाहिक बना ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनाया धारावाहिक अत्यंत सफल रहा ।

धारावाहिक चाणक्य- आचार्य चाणक्य जीवन पर बना ऐतिहासिक धारावाहिक था।

तमस – भीष्म साहनी के उपन्यास पर आधारित यह धारावाहिक विभाजन की पीड़ा, त्रासदीको दर्द कोव्यक्त करता है ।

यही नहीं कई बांग्ला साहित्यकारों के उपन्यास और कहानी पर भी दूरदर्शन ने धारावाहिक बनाएं जैसे – गण देवता- तारा शंकर बंधोपाध्याय के उपन्यास पर आधारित था जिसमें बंगाल की गरीबी , अशिक्षा,ग्रामीण स्थिति को दर्शाया गया था ।

श्रीकांत – शरद चंद चट्टोपाध्याय द्वारा रचित उपन्यास पर आधारित था यही नहीं ब्योमकेश बक्शी एक जासूसी धारावाहिक भी दूरदर्शन पर दिखाया गया जो शरदिंदु बंदोपाध्याय द्वारा रचित था।

छोटा पर्दा और बड़ा पर्दा दोनों में ही समकालीन हिंदी साहित्य अपनी पूर्णता के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराता रहा हैऔर समाज को एक सूत्र में बांधने का अपनी संस्कृति, परंपरा सामाजिक उतार-चढ़ाव को जनजन तक पहुंचाने का कार्य किया है।

समकालीन हिंदी साहित्य कारो ख्गीत कारो का सिनेमा में योगदान- हमारे वेदों में तीसरा वेद सामवेद है साम का अर्थ संगीत होता है यह संगीत और मंत्रों का वेद है। यह भारतीय शास्त्रीय संगीत का मूल आधार माना जाता है स्पष्ट है संगीत हमारे जीवन का आधार रहा है जो जीवन को रसविभोर कर हमारे अंतर्मन मन को झंकृत करता है हिंदी सिनेमा के उदय काल में फिल्मों में गीत कहानी का सूत्रधार हुआ करते थे यह परंपरा निरंतर गतिशील है हिंदी गीतकारों ने सिनेमा के लोकप्रियता में प्रभावी भूमिका निभाई है अनेक फिल्में अपने गीतों के कारण ही दर्शकों से प्रेम प्राप्त किया है ।

गीतों में केवल तुकबंदी हीनहीं भाव, रस ,दर्शन का सुंदर समावेश होता है। सरल सहज भाव को व्यक्त करने का माध्यम हमेशा हिंदी काव्य रहे हैं। इसी कारण गीत किसी काल के बंधन में नहीं बंधते ।कुछ पुराने गीत आज भी श्रोताओं की पसंद बने हुए हैं। हिंदी गीतकारो में-

शैलेंद्र-सजन रे झूठ मत बोलो खुदा के पास जाना है ऐसे अनेक गीत शैलेंद्र सिनेमा को दिए हैंजिसमें मानवता नैतिकता प्रेम का संदेश मिलता है किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार ऐसा संदेश परक गीत वर्तमान में भी लोगों की जुबान पर स्थापित है

साहिर लुधियानवी- विद्रोह के कवि शायर इनके गीतों में दर्शन ,माननीय संवेदना सामाजिक यथार्थ के स्वर में मिलते हैं

यह दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है ,

लिखने वाले साहिर लुधियानवी – मन रे तू काहे ना धीर धरे, तोरा मन दर्पण कहलाए और जैसे गीत भी लिखे हैं।

कवि प्रदीप-राष्ट्रभक्ति प्रेम के रचयिता कवि प्रदीप हिंदी सिनेमा को कभी ना भूलने वाले वह गीत दिए हैं जो आज स्वतंत्रता के 80 साल बाद भी हमारे मन के करीब है

ऐ मेरे वतन के लोगों गीत को, कौन भूल सकता है

देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान कितना बदल गया इंसान

चल अकेला चल अकेला तेरा मेला पीछे छूट रा

ही जैसे दार्शनिक गीत कवि प्रदीप की कलम से तराशे गए हैं

पंडित नरेंद्र शर्मा- इनके गीतों में साहित्यिक गरिमा भारतीय संस्कृति और भावना का समन्वय विलक्षण है

ज्योति कलश छलके

मैया को खेवईया ने किया हमरे हवाले

गोपाल दास नीरज – हिंदी साहित्य के मूर्धन्य गीतकार,,गजल गायक नीरज जी के गीतों ने हिंदी सिनेमा को सौंदर्य से भरे अर्थगत गीत दिए हैं वही सामाजिक व्यवस्था पर चोट इनके गीतों की विशेषता रही है

रंगीला रे,

मेघा छाए आधी रात,

फूलों के रंग से दिल की कलम से, चूड़ी नहीं मेरा दिल है, करवा गुजर गया गुबार देखते रहे, 7 भरत व्यास – यह कौन चित्रकार है , में दर्शन और रहस्यवाद की झलक, ज्योत से ज्योत जलाते चलो, एकता और मनोबल का संदेश देता गीत है ।

गुलजार- समकालीन गीतों की सूची में गुलजार का नाम आज भी गुलजार है ।

एक मोड़ से आते हैं कुछ सुस्त कदम रस्ते

नाम गुम जाएगा

तुझसे नाराज नहीं जिंदगी, वह शाम कुछ अजीब थी, जैसे जीवन दर्शन से भरे अनेक गीत गुलजार ने सिनेमा को दिए हैं वहीं कजरारे कजरारे एवं बीड़ी जलाई ले जैसे साधारण जनता की पसंद के भी गीत उनकी रचना में मिलते हैं ।

हिंदी सिनेमा में हसन कमाल फिल्म निकाह ऐतबार ,कमर जलालाबादी ने भी फिल्मी गीतों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

स्वानंद किरकरे द्वारा लिखा

पीपली लाइव फिल्म का गाना सखी सैंया तो खूब कमात है महंगाई डायन खाए जात है

गाना महंगाई और गरीबी पर तीखा व्यंग है ।

इस प्रकार हिंदी साहित्य के गीतकारों ने सिनेमा में प्रभावकारी भूमिका निभाई है उनके गीतों ने सिनेमा को प्रसिद्ध तो दिलाई साथ ही समाज को एक नई दिशा देने का उनका उद्देश्य भी पूर्ण हुआ।

हिंदी काव्यशास्त्र, समकालीन हिंदी साहित्य और सिनेमा का परस्पर संबंध- आचार्य भरत मुनि ने नाट्य शास्त्र की रचना की जिसमें रस सिद्धांत का विवेचन मिलता है आचार्य भामाह ने काव्य अलंकार लिखा आचार्य दंडी ने काव्यादर्श में शैली गुणधर्म प्रबल दिया वामन ने रीति सिद्धांत आनंद वर्धन ने ध्वनि सिद्धांत का प्रतिपादन किया और इसे काव्य की आत्मा माना। आचार्य विश्वनाथ ने वाक्यम रसात्मक काव्यम लिखकर विवेचन किया।

केशवदास, मतिराम जैसे रीतिकाल के कवियों ने हिंदी काव्यशास्त्र की परंपरा रखी आचार्य रामचंद्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी, नंददुलारे वाजपेई ने हिंदी काव्यशास्त्र को समृद्ध किया।

विभाव अनुभाव संचारी भाव के सहयोग से रस की निष्पत्ति होती है साधारण शब्दों में पाठक दर्शन श्रोता को देखने सुनने पढ़ते समय जो आनंद की प्राप्ति होती है वही रस है।

हिंदी सिनेमा का मूल उद्देश्य भी आनंद ही है ।वही हिंदी साहित्य में रचित साहित्य जब दृश्य श्रव्य के माध्यम से सिनेमा के रूप में प्रस्तुत किया जाता है तो विभाव अनुभाव संचारी भाव स्थाई भाव के साथ रस की प्राप्ति करते हैं।

साहित्य की कोई भी विधा जैसे काव्य कहानी उपन्यास जीवनी, पढ़ता या सुनता है तो उससे अपना जुड़ाव महसूस करता है पर वही जब सिनेमाई परदे पर अभिनेता या अभिनेत्री या कोई भी अन्य पात्र उसके सामने साक्षात रूप में उपस्थित होते हैं तो उनसे जुड़ता ही नहीं स्वयं पात्र में अपने आप को पाता है। फिल्मों में दृश्य वातावरण संगीत पात्रों का अभिनय पार्श्व ध्वनि सब मिलकर संयुक्त रूप से एक ऐसा संसार रचते हैं कि दर्शक कुछ घंटे के लिए उस संसार में जीवन जीता है ।सिनेमा देखते समय दर्शक हिंदी काव्यशास्त्र के सभी अंगों से एकाकार हो जाता है और यहीं आनन्द की उत्पत्ति होती है। अभिनीत पात्रों के साथ वह हंसता है रोता है क्रोध करता है। नायक नायिका के साथ संयोग और वियोग अनुभव करता है। खलनायक को देख उसमें जो जुगुप्सा का संचार होता हैक्योंकि यहां पर दृश्य विभाव अभिनय अनुभाव वातावरण संचारी भाव और अंदर के स्थाई भाव के सहयोग से रस उत्पन्न होता है।

साहित्यकार द्वारा रचा गया संवाद और गीत अपनी सभी शब्द शक्तियों, अलंकारों से परिपूर्ण हो इस आनंद को दुगना कर देते हैं और यही हिंदी काव्यशास्त्र साहित्य और सिनेमा का पर इस पर संबंध दृष्टिगोचर होता है। विशेषत: कलात्मक फिल्मों में हिंदी काव्य शास्त्र का पूर्णत: प्रयोग होता है।

समकालीन हिंदी साहित्य और सिनेमा के अंतर संबंध में एक दुखद पहलूयह रहा कि साहित्यकार को सिनेमा वह सम्मान और प्रसिद्धि नहीं देता जिसका वह अधिकारी होता है उदाहरण के तौर पर मुंशी प्रेमचंद जी ने स्वयं यह बात स्वीकारी उन्होंने लिखा ययह एक बिल्कुल नई दुनिया है साहित्य से इसका बहुत कम सरोकार है –आदर्शवाद महंगी चीज है अधिकांश लेखकों को सिनेमा जगत से कोई ठोस आधार प्राप्त नहीं हुआ इसके साथ ही साहित्यकार अपनी कृतियों के साथ कोई भी समझौता स्वीकार नहीं करना चाहते थे क्योंकि निर्देशक द्वारा फिल्म बनाते समय रचनाओं में परिस्थितियों के अनुसार दर्शकों की रुचि के को ध्यान में रखते हुए परिवर्तन सम्भव है।।

अनुपम ओझा के अनुसार 'तीसरी कसम पहली फिल्म थी जिसका कथानक जिसके चरित्रऔर भाषा स्वरूप हिंदी क्षेत्र की नजदीकी बोलियां थी।' इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला पर व्यावसायिक दृष्टि से यह असफल रही साथ ही फिल्म निर्माता गीतकार शैलेंद्र की मृत्यु का कारण भी बनी। एक साहित्यिक कृति के फिल्माकंन का यह परिणाम चौंकाने वाला था और इसी के बाद समानांतर फिल्मों का चलन प्रारंभ हुआ जिसमें कम बजट पर कलात्मक फिल्मों का दौरा प्रारंभ हुआ और नए निर्देशकों ने हिंदी साहित्य कृतियों पर फिल्म बनाना शुरू किया।1970के बाद जितने भी साहित्यकार हुए उनमें से कुछ को सफलता मिली जिसमें राही मासूम राजा राजेंद्र यादव कमलेश्वर प्रमुख है सबसे ज्यादा प्रसिद्ध कमलेश्वर को प्राप्त हुई इन्होंने साहित्य और सिनेमा में समानांतर सामाजिक स्थापित किया। उनके अनुसार यमैंने कभी वहां अपने को मिसफिट नहीं पाया मेरे पास वही जुबां थी जिसकी वहां जरूरत होती है होती है दूरदर्शन के प्रारंभिक काल में कई सीरियल हिंदी साहित्य की कहानियों पर बने मन्नू भंडारी प्रेमचंद कमलेश्वर मनोहर श्याम जोशी रांगेय राघव। हिंदी साहित्य की कहानियों का छोटे पर्दे पर फिल्मांकन से उस दौर के युवा, हिंदी साहित्यकारों एवं उनके साहित्य से परिचित तो हुए ही साथ ही एक चिंतनशील नैतिक मूल्य, जीवन मूल्य को समझने वाला युवा वर्ग समाज को प्राप्त हुआ।

वर्तमान डिजिटलयुग मेंओ टी की, यू ट्यूब जिसमें साहित्यगत, भाषागत वैचारिक मूल्य का हनन दिखाई देता है उस सब से समाज पर गहरा असर पड़ रहा है इसी कारण समकालीन हिंदी साहित्यकारों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है क्योंकि साहित्य समाज और सिनेमा एक दूसरे से बंधे हुए हैं साहित्यकार और निर्देशक दोनों की जिम्मेदारी है कि सिर्फ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज कोभटकाव नहीं दे सकते इसलिए उन्हें अपने कर्तव्य का बोध होना आवश्यक है। पूंजीवादी सभ्यता, लालच, आधुनिकता का अश्लील चोला तथाकथित सभ्यता बनकर अपना साम्राज्य बनाने की कोशिश कर रहा है एक साहित्यकार के आत्म मीमांसा आवश्यक हो गई है।वर्तमान में भागती दौड़ती दुनिया को ठहराव साहित्य और सिनेमा ही दे रहा है ।एक अच्छी कथा वस्तु के लिए फिल्म कार साहित्य और इतिहास की तरफ देखता है। समकालीन हिंदी साहित्य के लिए सुखद बात है कि युवा लेखक अपन साहित्य उद्देश्य को भूला नहीं है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. साहित्य ,कला और सिनेमा –जवरी लाल पार्क
2. साहित्य और सिनेमा बदलते परिदृश्य –डॉ. शैलजा भारद्धाज

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LV (55), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय संघवाद के विकास में न्यायपालिका की भूमिका : प्रमुख संवैधानिक निर्णयों का विश्लेषण

अभिषेक कुमार*

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (सारण) (बिहार) भारत

शोध सारांश – भारतीय संघवाद की संरचना संविधान द्वारा संघ और राज्यों के बीच विधायी, कार्यपालिका तथा वित्तीय शक्तियों के वितरण पर आधारित है। यद्यपि भारतीय संविधान में संघ को अपेक्षाकृत अधिक शक्तियाँ प्रदान की गई हैं, फिर भी राज्यों को संवैधानिक रूप से निर्धारित क्षेत्रों में स्वायत्ता शासन का अधिकार प्राप्त है। इस संघीय व्यवस्था के संतुलन को बनाए रखने में न्यायपालिका, विशेषकर सर्वोच्च न्यायालय, की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। भारतीय संघवाद का विकास केवल संवैधानिक प्रावधानों और राजनीतिक व्यवहार से नहीं हुआ, बल्कि न्यायिक व्याख्याओं ने भी इसके स्वरूप और सीमाओं को निरंतर प्रभावित किया है। सर्वोच्च न्यायालय नेकेशवानंद भारती बनाम केरल राज्य, मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ, एस. आर. बोम्मई बनाम भारत संघ, नबाम रेबिया बनाम उपाध्यक्ष, Government of NCT of Delhi v. Union of India जैसे मामलों में संविधान की सर्वोच्चता, न्यायिक समीक्षा, संघवाद, लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व और राज्यीय स्वायत्तता से संबंधित महत्वपूर्ण सिद्धांत विकसित किए हैं।

यह शोध-पत्र भारतीय संघवाद के विकास में न्यायपालिका की भूमिका का संवैधानिक एवं न्यायिक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। अध्ययन का मुख्य तर्क यह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक ओर संविधान में निहित संघीय शक्तियों के विभाजन की रक्षा की है, वहीं दूसरी ओर भारतीय संविधान की केंद्रीकृत विशेषताओं को भी स्वीकार किया है। इसलिए न्यायपालिका की भूमिका को केवल 'राज्यों के अधिकारों की रक्षक' के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। न्यायिक दृष्टिकोण में राष्ट्रीय एकता, संवैधानिक सर्वोच्चता, लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व और संघीय संतुलन के बीच समन्वय स्थापित करने का प्रयास दिखाई देता है। समकालीन मामलों में यह भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि संघद्दराज्य संबंध अब केवल विधायी अधिकारों तक सीमित न रहकर राज्यपाल की भूमिका, प्रशासनिक नियंत्रण, कराधान, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली तक विस्तृत हो चुके हैं।

शब्द कुंजी – भारतीय संघवाद, न्यायपालिका, सर्वोच्च न्यायालय, राज्य स्वायत्तता, संघद्दराज्य संबंध, न्यायिक समीक्षा, अनुच्छेद 356, मूल संरचना, संवैधानिक संघवाद।

प्रस्तावना – भारतीय संविधान ने शासन की ऐसी व्यवस्था निर्मित की है जिसमें राष्ट्रीय एकता और क्षेत्रीय विविधता दोनों को संस्थागत रूप दिया गया है। संविधान का अनुच्छेद 1 भारत को 'राज्यों का संघ' घोषित करता है। संविधान के भाग XI तथा सातवीं अनुसूची में संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का वितरण किया गया है, जबकि कार्यपालिका संबंधी प्रावधानों तथा वित्तीय व्यवस्थाओं के माध्यम से संघीय संबंधों को और अधिक स्पष्ट किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार भारतीय संविधान संघ और राज्यों के बीच संघीय शासन-व्यवस्था स्थापित करता है तथा न्यायपालिका को संविधान-विरोधी विधानों और सरकारी कार्रवाइयों की समीक्षा का अधिकार प्राप्त है।[1]

भारतीय संघवाद की विशेषता यह है कि इसमें पारंपरिक संघीय व्यवस्थाओं की तुलना में केंद्र को अधिक शक्तियाँ प्रदान की गई हैं। अवशिष्ट विधायी शक्तियाँ संसद को प्राप्त हैं, आपातकालीन परिस्थितियों में संघ की शक्तियाँ बढ़ जाती हैं और कुछ परिस्थितियों में संसद राज्य सूची के विषयों पर भी कानून बना सकती है। इसके बावजूद राज्य केवल प्रशासनिक इकाइयाँ नहीं हैं, वे संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक इकाइयाँ हैं।एस. आर. बोम्मईके निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने संघवाद को संविधान की महत्वपूर्ण विशेषता के रूप में रेखांकित किया और राज्यों को संविधान द्वारा निर्मित संस्थागत इकाइयों के रूप में देखा।[2]

इसी संदर्भ में न्यायपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि संघ और राज्य दोनों अपने-अपने संवैधानिक क्षेत्रों में कार्य करते हैं, तो उनके बीच उत्पन्न विवादों के समाधान के लिए एक स्वतंत्र संवैधानिक निर्णायक की आवश्यकता होती है। भारत में सर्वोच्च न्यायालय इस भूमिका को निभाता है। अनुच्छेद 131 संघ और राज्यों के बीच कुछ प्रकार के कानूनी अधिकारों से संबंधित विवादों में सर्वोच्च न्यायालय को मूल अधिकारिता प्रदान करता है।[3] इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 32, 136, 137, 141, 142 और 226 के माध्यम से न्यायिक समीक्षा और संवैधानिक व्याख्या की व्यापक व्यवस्था विकसित हुई है।

अध्ययन की समस्या– भारतीय संघवाद के संदर्भ में मूल प्रश्न यह है कि न्यायपालिका ने संघ और राज्यों के बीच संवैधानिक शक्ति-संतुलन को किस प्रकार प्रभावित किया है। क्या न्यायपालिका ने लगातार राज्यों की स्वायत्तता की रक्षा की है या उसके निर्णयों में कभी-कभी केंद्रीयकृत संवैधानिक संरचना को भी समर्थन मिला है? इसी प्रकार यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि न्यायिक समीक्षा ने संघीय संघर्षों को किस सीमा तक

संवैधानिक संवाद में परिवर्तित किया है।

भारतीय संविधान की संरचना में संघ को कई महत्वपूर्ण शक्तियाँ प्राप्त हैं। दूसरी ओर राज्यों को भी अपने निर्धारित क्षेत्रों में विधायी एवं कार्यपालिका अधिकार प्राप्त हैं। इसलिए संघवाद का वास्तविक स्वरूप केवल संविधान के पाठ से निर्धारित नहीं होता, बल्कि न्यायिक व्याख्या, राजनीतिक व्यवहार और संस्थागत संबंधों से भी निर्मित होता है। समकालीन विद्वानों ने भी यह रेखांकित किया है कि भारत में केंद्रीकरण और विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया समय के साथ बदलती रही है और न्यायिक निर्णय इस परिवर्तन के प्रमुख साधनों में रहे हैं।[4]

साहित्य समीक्षा

भारतीय संघवाद पर उपलब्ध साहित्य में तीन प्रमुख दृष्टिकोण दिखाई देते हैं। पहला दृष्टिकोण भारतीय संविधान की केंद्रीकृत संघीय संरचना पर बल देता है। दूसरा दृष्टिकोण राज्यों की संवैधानिक स्वायत्तता और संघीय सिद्धांत को प्रमुखता देता है। तीसरा दृष्टिकोण भारतीय संघवाद को एक गतिशील व्यवस्था के रूप में देखता है, जिसमें राजनीतिक परिस्थितियों, दलगत प्रतिस्पर्धा, न्यायिक निर्णयों और संस्थागत परिवर्तन के आधार पर केंद्र–राज्य शक्ति–संतुलन बदलता रहा है।

महेंद्र पाल सिंह ने भारतीय संघीय योजना का विश्लेषण करते हुए विधायी, कार्यपालिका और न्यायिक शक्तियों के वितरण तथा भारतीय संघवाद के केंद्रीकृत चरित्र पर चर्चा की है। इसी प्रकार हाल के शोध में भारत में 1950 से 2010 के बीच केंद्रीकरण और विकेंद्रीकरण की प्रक्रियाओं का अध्ययन किया गया है और यह निष्कर्ष सामने आया है कि संवैधानिक परिवर्तन तथा न्यायिक निर्णय दोनों ने संघीय शक्ति–संतुलन को प्रभावित किया।[5]

Swenden और Rekha Saxena अध्ययन ने विशेष रूप से सर्वोच्च न्यायालय की संघीय मामलों में भूमिका का परीक्षण किया है। उनके अध्ययन में राष्ट्रपति शासन, विधायी क्षमता, असममित संघवाद तथा साझा शासन से संबंधित अनेक निर्णयों का विश्लेषण किया गया और यह निष्कर्ष निकाला गया कि सर्वोच्च न्यायालय की संघीय भूमिका एकरूप नहीं रही है।[6] इससे यह स्पष्ट होता है कि न्यायपालिका को भारतीय संघवाद का केवल एकतरफा संरक्षक मानने के बजाय उसकी न्यायिक तर्क–पद्धति, संवैधानिक व्याख्या और संस्थागत संदर्भ का विश्लेषण आवश्यक है।

शोध–अंतराल– उपलब्ध साहित्य में भारतीय संघवाद और न्यायपालिका के संबंध पर पर्याप्त अध्ययन मौजूद है, लेकिन अधिकांश अध्ययन किसी एक विशेष संवैधानिक क्षेत्रकृजैसे अनुच्छेद 356, विधायी क्षमता या राज्यपाल की भूमिका पर केंद्रित हैं। इस शोध में प्रमुख संवैधानिक निर्णयों को एक व्यापक क्रम में रखकर यह समझने का प्रयास किया गया है कि न्यायपालिका ने भारतीय संघवाद की अवधारणा को समय के साथ किस प्रकार विकसित किया।

विशेष रूप से यह अध्ययन केशवानंद भारती, मिनर्वा मिल्स, एस. आर. बोम्मई, नबाम रेबियाऔर दिल्ली सरकार से संबंधित निर्णयों को एक व्यापक संघीय विमर्श में जोड़ता है। इससे यह समझने में सहायता मिलती है कि न्यायपालिका की भूमिका केवल विवाद–निपटान तक सीमित नहीं है, बल्कि वह संवैधानिक शक्ति–संतुलन के अर्थ को भी प्रभावित करती है।

शोध–पद्धति– यह अध्ययन मुख्यत: गुणात्मक, वर्णनात्मक और विश्लेषणात्मक पद्धति पर आधारित है। शोध में प्राथमिक स्रोत के रूप में भारतीय संविधान तथा सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख संवैधानिक निर्णयों का उपयोग किया गया है। द्वितीयक स्रोतों में भारतीय संघवाद पर प्रकाशित पुस्तकों, शोध–पत्रों तथा अकादमिक अध्ययनों को शामिल किया गया है। अध्ययन का केंद्र संघ–राज्य संबंधों से संबंधित संवैधानिक विवाद और उनमें सर्वोच्च न्यायालय की व्याख्यात्मक भूमिका है।

भारतीय संघवाद और न्यायपालिका का संवैधानिक आधार– भारतीय संघवाद में न्यायपालिका को केवल विवाद निपटाने वाली संस्था के रूप में नहीं देखा जा सकता। संविधान की सर्वोच्चता और न्यायिक समीक्षा का सिद्धांत न्यायपालिका को यह सुनिश्चित करने की शक्ति देता है कि संसद, राज्य विधानमंडल और कार्यपालिका अपनी संवैधानिक सीमाओं के भीतर कार्य करें। सर्वोच्च न्यायालय स्वयं यह स्पष्ट करता है कि संविधान विधायिका और कार्यपालिका दोनों को सीमित करता है तथा स्वतंत्र न्यायपालिका संविधान–विरोधी कानून या सरकारी कार्रवाई को निरस्त कर सकती है।[7]

भारतीय संघवाद के लिए न्यायिक समीक्षा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि संघ और राज्य दोनों के अधिकार संविधान से उत्पन्न होते हैं। यदि किसी कानून के बारे में यह विवाद हो कि उसे बनाने की शक्ति संसद या राज्य विधानमंडल में से किसके पास है, तो न्यायिक समीक्षा के माध्यम से उस विवाद का समाधान किया जा सकता है। इसी कारण विधायी क्षमता, क्षेत्राधिकार और संवैधानिक सीमाओं से संबंधित मामलों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका केंद्रीय हो जाती है।

केशवानंद भारतीऔरमूल संरचना का सिद्धांत– भारतीय संवैधानिक न्यायशास्त्र मेंकेशवानंद भारती बनाम केरल राज्यका विशेष महत्व है। इस निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने संसद की संविधान संशोधन शक्ति को स्वीकार करते हुए यह सिद्धांत विकसित किया कि संविधान की मूल संरचना को नष्ट नहीं किया जा सकता।[8] इस सिद्धांत ने संविधान को साधारण राजनीतिक बहुमत से ऊपर एक स्थायी संवैधानिक ढाँचे के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मूल संरचना सिद्धांत का संघवाद पर व्यापक प्रभाव पड़ा। यदि संविधान की संघीय विशेषताओं को मूल संरचना का हिस्सा माना जाता है, तो संविधान संशोधन के माध्यम से संघीय संतुलन को पूरी तरह समाप्त करना न्यायिक समीक्षा के अधीन हो सकता है। इस प्रकार न्यायपालिका ने संविधान संशोधन शक्ति और संविधान की मूल पहचान के बीच एक संवैधानिक सीमा निर्धारित की।

मिनर्वा मिल्सऔर सीमित सरकारी शक्ति– मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघमें सर्वोच्च न्यायालय ने सीमित संशोधन शक्ति और न्यायिक समीक्षा के महत्व को दोहराया। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि संविधान के अंतर्गत कोई भी अंग असीमित शक्ति का अधिकारी नहीं है और प्रत्येक संवैधानिक संस्था को संविधान द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर कार्य करना होता है।[9]

संघवाद के संदर्भ में इसका महत्व इसलिए है कि संघ और राज्य दोनों संवैधानिक सत्ता के अधीन हैं। यदि संसद को संविधान से ऊपर मान लिया जाए तो संघीय संतुलन के लिए निर्धारित संवैधानिक सीमाएँ कमजोर हो सकती हैं। इसलिए न्यायिक समीक्षा संघवाद की संस्थागत सुरक्षा से जुड़ जाती है।

State of West Bengal v. Union of India और संघीय संबंध– State of West Bengal v. Union of India भारतीय संघवाद के

प्रारंभिक न्यायिक विमर्श का महत्वपूर्ण उदाहरण है। इस मामले में न्यायालय ने भारतीय संविधान की संघीय प्रकृति तथा संघ और राज्यों के बीच शक्तियों के वितरण की प्रकृति पर विचार किया। न्यायालय ने पारंपरिक संघीय व्यवस्था और भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के बीच अंतर को स्वीकार किया।[10]

इस निर्णय से यह स्पष्ट हुआ कि भारत को किसी विदेशी संघीय मॉडल की हूबहू प्रतिकृति के रूप में नहीं समझा जा सकता। भारतीय संविधान ने राष्ट्रीय एकता और प्रशासनिक प्रभावशीलता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संघ को अपेक्षाकृत अधिक शक्तियाँ प्रदान कीं। इसलिए भारतीय संघवाद का विश्लेषण भारतीय संवैधानिक पाठ और उसकी ऐतिहासिक परिस्थितियों के आधार पर करना आवश्यक है।

एस. आर. बोम्मईऔर संघवाद की संवैधानिक स्थिति– भारतीय संघवाद के विकास मेंएस. आर. बोम्मई बनाम भारत संघका स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस निर्णय ने अनुच्छेद 356 के प्रयोग और राज्य सरकारों की संवैधानिक स्थिति पर महत्वपूर्ण सिद्धांत विकसित किए। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि राज्य संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त इकाइयाँ हैं और संघवाद भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण विशेषता है।[11]

इस निर्णय का सबसे महत्वपूर्ण पहलू राष्ट्रपति शासन के संबंध में न्यायिक समीक्षा का विस्तार था। अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन की घोषणा को पूर्णत: राजनीतिक क्षेत्र का विषय मानने के बजाय न्यायालय ने उसके संवैधानिक आधार की समीक्षा की संभावना को स्वीकार किया। इससे संघ द्वारा राज्य की निर्वाचित सरकार को हटाने की शक्ति पर न्यायिक नियंत्रण का सिद्धांत मजबूत हुआ।

एस. आर. बोम्मईका व्यापक महत्व यह है कि इसने संघीय सिद्धांत को केवल शक्तियों के विभाजन तक सीमित नहीं रखा। लोकतांत्रिक सरकार, संवैधानिक शासन और राज्यीय राजनीतिक स्वायत्तता को भी संघीय व्यवस्था से जोड़कर देखा गया। न्यायालय की इस दृष्टि ने अनुच्छेद 356 के प्रयोग को संवैधानिक उत्तरदायित्व के अधीन किया।

विधायी क्षमता और राज्यीय स्वायत्तता– संविधान के अनुच्छेद 245 और 246 तथा सातवीं अनुसूची संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का मूल आधार हैं। राज्य सूची के विषयों पर राज्य विधानमंडलों को सामान्यत: विधायी अधिकार प्राप्त हैं, जबकि समवर्ती सूची में संघ और राज्य दोनों कानून बना सकते हैं। विवाद की स्थिति में अनुच्छेद 254 के अधीन सामान्यत: केंद्रीय कानून को प्राथमिकता मिलती है।[12]

न्यायपालिका ने विधायी क्षमता के विवादों में यह निर्धारित करने का प्रयास किया है कि किसी कानून का वास्तविक विषय क्या है और वह किस संवैधानिक सूची के अंतर्गत आता है। इस प्रकार न्यायिक समीक्षा संघीय सीमा–निर्धारण की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण उपकरण बन जाती है। यदि संसद या राज्य विधानमंडल अपनी संवैधानिक सीमा से बाहर जाकर कानून बनाता है, तो न्यायालय उसे चुनौती के अधीन ला सकता है।

Nabam Rebia और राज्यपाल की संवैधानिक भूमिका– नबाम रेबिया बनाम उपाध्यक्षका संबंध अरुणाचल प्रदेश की विधानसभा और राज्यपाल की संवैधानिक भूमिका से था। मामले में राज्यपाल द्वारा विधानसभा सत्र से संबंधित कार्रवाई और उसके राजनीतिक–संवैधानिक प्रभाव पर प्रश्न उठा।[13]

इस मामले ने यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया कि राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियाँ किस सीमा तक स्वतंत्र विवेक के आधार पर प्रयोग की जा सकती हैं। राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख है, लेकिन संसदीय शासन व्यवस्था में निर्वाचित सरकार की भूमिका भी केंद्रीय है। इसलिए राज्यपाल की शक्तियों की न्यायिक व्याख्या का सीधा प्रभाव राज्य की लोकतांत्रिक स्वायत्तता पर पड़ता है।

यह मामला संघवाद के उस पक्ष को सामने लाता है जिसमें राज्यीय संस्थाओं के भीतर संवैधानिक पदाधिकारियों की भूमिका भी संघीय संतुलन से जुड़ जाती है। राज्यपाल की नियुक्ति संघीय स्तर पर होती है, जबकि वह राज्य में संवैधानिक दायित्व निभाता है। इसलिए राज्यपाल से संबंधित विवादों में न्यायपालिका को संघीय और राज्यीय दोनों आयामों का संतुलन करना पड़ता है।

दिल्ली सरकार के मामले और सहकारी संघवाद– दिल्ली से संबंधित संवैधानिक विवादों ने संघवाद की एक अन्य जटिलता को सामने रखा। 2023 के संविधान पीठ के निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की विशेष संवैधानिक स्थिति तथा निर्वाचित सरकार की भूमिका का विश्लेषण किया। न्यायालय ने दिल्ली की व्यवस्था को एक विशिष्ट असममित संघीय मॉडल के रूप में समझने की आवश्यकता पर बल दिया और केंद्र तथा क्षेत्रीय लोकतांत्रिक सरकारों के बीच सहयोग की संवैधानिक भावना को महत्वपूर्ण माना।[14]

यह मामला यह दिखाता है कि भारतीय संघवाद स्थिर और एकरूप मॉडल नहीं है। संविधान विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग–अलग व्यवस्थाएँ स्वीकार करता है। जम्मू–कश्मीर की पूर्व विशेष संवैधानिक व्यवस्था, पूर्वोत्तार राज्यों के विशेष प्रावधान तथा दिल्ली की विशिष्ट स्थिति इस बात को स्पष्ट करते हैं कि भारतीय संघवाद में असममितता भी एक संवैधानिक साधन है।

न्यायपालिका और संघीय विवादों का समाधान– संघ और राज्यों के बीच विवादों को संवैधानिक ढाँचे में शांतिपूर्ण ढंग से हल करना संघीय व्यवस्था की स्थिरता के लिए आवश्यक है। अनुच्छेद 131 के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय को संघ और राज्यों के बीच कुछ कानूनी अधिकारों से संबंधित विवादों पर मूल अधिकारिता प्राप्त है।[15]

इस व्यवस्था का महत्व केवल न्यायिक विवाद के समाधान में नहीं है। संघीय व्यवस्था में यदि विवाद का समाधान राजनीतिक शक्ति के आधार पर होने लगे तो कमजोर संघीय इकाई के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। न्यायिक मंच विवादों को संवैधानिक नियमों और कानूनी अधिकारों के आधार पर हल करने की संभावना प्रदान करता है।

हालाँकि न्यायपालिका स्वयं राजनीतिक संस्थाओं का विकल्प नहीं है। संघवाद के अनेक प्रश्न मूलत: राजनीतिक और नीतिगत होते हैं। न्यायपालिका का संवैधानिक दायित्व यह निर्धारित करना है किराजनीतिक निर्णय संविधान की सीमाओं के भीतर हैं या नहीं। इसलिए न्यायिक संयम और न्यायिक सक्रियता के बीच संतुलन भी संघीय न्यायशास्त्र का महत्वपूर्ण प्रश्न है।

न्यायपालिका की भूमिकारू राज्य स्वायत्तता के संदर्भ में मूल्यांकन– भारतीय सर्वोच्च न्यायालय की संघीय न्यायशास्त्र को एकरेखीय रूप में नहीं समझा जा सकता। एक ओरएस. आर. बोम्मईजैसे मामलों में न्यायालय ने राज्य सरकारों की संवैधानिक स्थिति और संघवाद की रक्षा को महत्व दिया, वहीं दूसरी ओर संविधान की केंद्रीकृत संरचना के कई तत्वों को भी न्यायिक व्याख्या में स्वीकार किया गया है। अकादमिक शोध भी यह दर्शाता

है कि सर्वोच्च न्यायालय के संघीय निर्णयों में अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग प्रवृत्तियाँ दिखाई देती हैं।[16]

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि न्यायपालिका की भूमिका 'केंद्र बनाम राज्य' की सरल द्वैधता से अधिक जटिल है। न्यायालय को राष्ट्रीय एकता, संवैधानिक शासन, लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व, मौलिक अधिकार और संघीय स्वायत्तता जैसे अनेक संवैधानिक मूल्यों के बीच संतुलन स्थापित करना पड़ता है।

न्यायिक सक्रियता और संघीय संतुलन- न्यायिक सक्रियता ने कई अवसरों पर संघीय संबंधों को प्रभावित किया है। जब न्यायालय किसी संवैधानिक प्रावधान की व्यापक व्याख्या करता है तो उसका प्रभाव केवल संबंधित पक्षों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि भविष्य के संघद्दराज्य संबंधों के लिए भी मानक स्थापित हो सकता है। अनुच्छेद 141 के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा घोषित कानून सभी न्यायालयों पर बाध्यकारी होता है।

हालाँकि न्यायिक सक्रियता की सीमा पर बहस बनी हुई है। यदि न्यायपालिका नीति निर्माण के अत्यधिक क्षेत्र में प्रवेश करती है तो शक्तियों के पृथक्करण का प्रश्न उठ सकता है। इसके विपरीत, यदि न्यायपालिका संवैधानिक सीमाओं के उल्लंघन के मामलों में अत्यधिक संयम बरतती है, तो संघीय अधिकारों की न्यायिक सुरक्षा कमजोर हो सकती है। इसलिए भारतीय संघवाद में न्यायिक सक्रियता का मूल्यांकन संवैधानिक संदर्भ में किया जाना चाहिए।

न्यायिक निर्णयों और केंद्रीकरण की प्रवृत्ति- भारत में संघीय केंद्रीकरण की प्रवृत्ति संविधान की मूल संरचना में भी दिखाई देती है। अवशिष्ट शक्तियाँ संसद को प्राप्त हैं और समवर्ती क्षेत्र में केंद्रीय कानून को सामान्यत: प्राथमिकता मिलती है। आपातकालीन प्रावधान तथा कुछ विशेष परिस्थितियों में राज्य सूची पर संसद की विधायी शक्ति भी केंद्र को मजबूत बनाती है। न्यायिक निर्णयों ने इन प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को अनेक अवसरों पर स्वीकार किया है।[17]

इसका अर्थ यह नहीं है कि न्यायपालिका ने संघीय सिद्धांत की उपेक्षा की है। बल्कि न्यायिक दृष्टिकोण यह दिखाता है कि भारतीय संविधान में संघवाद और केंद्रीकरण दोनों साथ-साथ मौजूद हैं।एस. आर. बोम्मईने इसी जटिलता को रेखांकित करते हुए भारतीय संघवाद को एक विशिष्ट संवैधानिक व्यवस्था के रूप में समझने में योगदान दिया।

समकालीन संघवाद और न्यायपालिका- समकालीन भारत में संघद्दराज्य विवादों का स्वरूप अधिक जटिल हो गया है। अब विवाद केवल विधायी सूची या राष्ट्रपति शासन तक सीमित नहीं हैं। कराधान,GST, राज्यपाल की भूमिका, प्रशासनिक अधिकार, राष्ट्रीय राजधानी, केंद्रीय एजेंसियों की कार्यप्रणाली तथा राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर संवैधानिक प्रश्न सामने आ रहे हैं।

2023 के दिल्ली संबंधी निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने संघीय सहयोग को संवैधानिक शासन के लिए महत्वपूर्ण बताया।[18] इसी प्रकार हाल के न्यायिक विमर्श में राज्यों को अपने संवैधानिक रूप से निर्धारित विधायी क्षेत्रों में नीति निर्धारित करने का अधिकार स्वीकार किया गया है। इससे यह संकेत मिलता है कि समकालीन न्यायपालिका भारतीय संघवाद को केवल शक्ति-विभाजन की व्यवस्था के रूप में नहीं, बल्कि संवैधानिक संवाद और सहयोग की प्रक्रिया के रूप में भी देख रही है।

न्यायपालिका की भूमिका की सीमाएँ- न्यायपालिका संघवाद की महत्वपूर्ण संरक्षक संस्था है, लेकिन वह संघीय संबंधों की सभी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती। संघवाद का वास्तविक संचालन राजनीतिक दलों, संसद, राज्य विधानसभाओं, अंतर-सरकारी संस्थाओं, वित्तीय संस्थाओं और प्रशासनिक तंत्र के व्यवहार पर भी निर्भर करता है।

यदि केंद्र और राज्यों के बीच राजनीतिक संवाद कमजोर हो, तो केवल न्यायिक हस्तक्षेप से संघीय तनाव समाप्त नहीं हो सकता। इसी प्रकार प्रत्येक संघीय विवाद को न्यायालय तक ले जाना राजनीतिक संस्थाओं की संवादात्मक क्षमता को कमजोर कर सकता है। इसलिए न्यायपालिका को संवैधानिक सीमा की रक्षा करते हुए लोकतांत्रिक संस्थाओं के कार्यक्षेत्र का भी सम्मान करना आवश्यक है।

विश्लेषण एवं चर्चा- उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि भारतीय संघवाद के विकास में न्यायपालिका की भूमिका तीन प्रमुख स्तरों पर रही है। पहला, न्यायपालिका ने संविधान की सर्वोच्चता और न्यायिक समीक्षा के माध्यम से संघ तथा राज्यों सहित सभी संवैधानिक संस्थाओं को संवैधानिक सीमाओं के अधीन रखा। दूसरा, न्यायपालिका ने संघवाद के मूल सिद्धांतोंकृशक्ति-विभाजन, राज्यीय राजनीतिक अस्तित्व और संवैधानिक संतुलन को अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों में स्पष्ट किया। तीसरा, न्यायपालिका ने समय-समय पर संघीय संबंधों के नए क्षेत्रों, जैसे राज्यपाल की भूमिका और असममित शासन व्यवस्था, की संवैधानिक व्याख्या की है।

फिर भी न्यायपालिका का दृष्टिकोण हमेशा राज्य स्वायत्तता की ओर एकतरफा नहीं रहा। भारतीय संविधान स्वयं केंद्र को महत्वपूर्ण शक्तियाँ प्रदान करता है और न्यायपालिका ने संविधान की इस संरचना को स्वीकार किया है। इसी कारण भारतीय संघवाद में न्यायपालिका की भूमिका को 'केंद्रीयकरण के विरुद्ध' या 'केंद्रीयकरण के पक्ष में' किसी एक श्रेणी में रखना उचित नहीं होगा। हाल के अकादमिक अध्ययन भी सर्वोच्च न्यायालय के संघीय निर्णयों में मिश्रित प्रवृत्तियों की ओर संकेत करते हैं।[19]

निष्कर्ष- भारतीय संघवाद के विकास में न्यायपालिका की भूमिका बहुआयामी रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान की सर्वोच्चता, न्यायिक समीक्षा, मूल संरचना और संघीय संतुलन से संबंधित सिद्धांतों को विकसित करके भारतीय संवैधानिक व्यवस्था को स्थायित्व प्रदान किया है। विशेष रूप सेकेशवानंद भारती, मिनर्वा मिल्सऔरएस. आर. बोम्मई जैसे निर्णयों ने यह स्थापित किया कि संवैधानिक शासन में किसी भी संस्था की शक्ति पूर्णत: निरंकुश नहीं हो सकती।

भारतीय संघवाद की विशिष्टता इस तथ्य में है कि संविधान ने एक मजबूत संघीय केंद्र और संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त राज्यों दोनों को साथ लेकर चलने की व्यवस्था बनाई है। न्यायपालिका इसी जटिल व्यवस्था में संवैधानिक सीमाओं की व्याख्या करती है। उसने कई मामलों में राज्यीय स्वायत्तता की रक्षा की है, जबकि कई अवसरों पर संविधान में निहित केंद्रीय शक्तियों को भी मान्यता दी है। इसलिए न्यायपालिका को भारतीय संघवाद में संतुलनकारी संस्था के रूप में देखना अधिक उपयुक्त है।

समकालीन परिस्थितियों में न्यायपालिका के सामने चुनौती यह है कि वह संघ और राज्यों के बीच संवैधानिक शक्ति-विभाजन की रक्षा करते हुए राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व और संवैधानिक शासन के बीच संतुलन बनाए रखे। भारतीय संघवाद का भविष्य केवल न्यायिक निर्णयों से निर्धारित नहीं होगाय इसके लिए संघ और राज्यों के बीच संवाद, सहयोग और संवैधानिक मर्यादा भी आवश्यक होगी। इस दृष्टि से न्यायपालिका

भारतीय संघवाद की अंतिम और एकमात्र निर्माता नहीं, बल्कि उसके संवैधानिक संतुलन को बनाए रखने वाली एक प्रमुख संस्था है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Supreme Court of India, "Constitution," *Law, Courts and the Constitution*.
2. *S.R. Bommai v. Union of India*, (1994) 3 SCC 1; निर्णय में संघवाद को संविधान की महत्वपूर्ण विशेषता के रूप में संबोधित किया गया।
3. Supreme Court of India, "Jurisdiction," Article 131 के अंतर्गत संघ और राज्यों के बीच विवादों की मूल अधिकारिता संबंधी विवरण।
4. "Dynamic De/Centralization in India, 1950–2010," *Publius: The Journal of Federalism* 49, no. 1 (2019): 112–142. अध्ययन में संवैधानिक परिवर्तन और न्यायिक निर्णयों को केंद्रीकरण की प्रक्रिया के प्रमुख साधनों में माना गया है।
5. Mahendra Pal Singh, "The Federal Scheme," in *The Oxford Handbook of the Indian Constitution* (Oxford University Press, 2017); तथा "Dynamic De/Centralization in India, 1950–2010."
6. ˇWilfriedSwenden and RekhaSaxena, "Policing the Federation: The Supreme Court and Judicial Federalism in India," *Territory, Politics, Governance* 10, no. 1 (2022): 12–31.
7. Supreme Court of India, "Constitution," न्यायिक समीक्षा और संविधान की सर्वोच्चता संबंधी आधिकारिक विवरण।
8. *His Holiness KesavanandaBharati v. State of Kerala*, (1973) Supp. SCR 1; Supreme Court of India, "The Basic Structure Judgment."
9. *Minerva Mills Ltd. v. Union of India*, (1980) 3 SCC 625. न्यायालय ने सीमित संशोधन शक्ति तथा न्यायिक समीक्षा के महत्व को संवैधानिक संरचना से जोड़ा।
10. *State of West Bengal v. Union of India*, AIR 1963 SC 1241; संघीय शासन की प्रकृति और संघ-राज्य शक्तियों के संबंध में न्यायालय की चर्चा।
11. *S.R. Bommai v. Union of India*, (1994) 3 SCC 1.न्यायालय ने राज्यों को संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त इकाइयों तथा संघवाद को संवैधानिक सिद्धांत के रूप में संबोधित किया।
12. भारत का संविधान, अनुच्छेद 245, 246, 248 और 254 तथा सातवीं अनुसूचीय Supreme Court of India, "Constitution."
13. *Nabam Rebia v. Deputy Speaker*, (2016) 8 SCC 1; अरुणाचल प्रदेश विधानसभा और राज्यपाल की संवैधानिक भूमिका से संबंधित निर्णय।
14. *Government of NCT of Delhi v. Union of India*, 2023 Constitution Bench judgment; निर्णय में दिल्ली की विशिष्ट संवैधानिक स्थिति, असममित संघीय व्यवस्था और संघीय सहयोग पर चर्चा की गई।
15. Supreme Court of India, "Jurisdiction," Article 131 131 के अंतर्गत मूल अधिकारिता संबंधी विवरण।
16. Swenden and Saxena, "Policing the Federation." अध्ययन ने राष्ट्रपति शासन, विधायी क्षमता, असममित संघवाद और साझा शासन से जुड़े 40 निर्णयों का विश्लेषण किया।
17. *S.R. Bommai v. Union of India*, (1994) 3 SCC 1; भारतीय संविधान की केंद्रीकृत विशेषताओं तथा संघीय शक्तियों के न्यायिक विश्लेषण के संदर्भ में।
18. *Government of NCT of Delhi v. Union of India*, 2023 सर्वोच्च न्यायालय ने संघ और क्षेत्रीय लोकतांत्रिक सरकार के बीच संवैधानिक सहयोग को महत्व दिया।
19. Swenden and Saxena, "Policing the Federation" अध्ययन के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय की संघीय न्यायशास्त्र में एकरूप प्रवृत्ति नहीं दिखाई देती और न्यायिक सिद्धांतों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

Bibliography:-

1. Government of India. *The Constitution of India*. New Delhi: Government of India.
2. Minerva Mills Ltd. v. Union of India. (1980) 3 SCC 625.
3. Nabam Rebia v. Deputy Speaker. (2016) 8 SCC 1.
4. State of West Bengal v. Union of India. AIR 1963 SC 1241.
5. S.R. Bommai v. Union of India. (1994) 3 SCC 1.
6. Swenden, Wilfried, and Rekha Saxena. "Policing the Federation: The Supreme Court and Judicial Federalism in India." *Territory, Politics, Governance* 10, no. 1 (2022): 12–31.
7. "Dynamic De/Centralization in India, 1950–2010." *Publius: The Journal of Federalism* 49, no. 1 (2019): 112–142.
8. KesavanandaBharati v. State of Kerala. (1973) Supp. SCR 1.
9. Government of NCT of Delhi v. Union of India. Supreme Court of India, 2023.
10. Supreme Court of India. "Constitution." Supreme Court of India.
11. Supreme Court of India. "Jurisdiction." Supreme Court of India.
12. Mahendra Pal Singh. "The Federal Scheme." In *The Oxford Handbook of the Indian Constitution*. Oxford: Oxford University Press, 2017.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LV (55), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य : विकास, प्रवृत्तियाँ एवं सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना

कविता* डॉ. भावना**

* शोधार्थी, ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत
** शोध निर्देशिका, ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य भारतीय समाज के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों का सशक्त साहित्यिक दस्तावेज है। वर्ष 1947 में भारत की स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय समाज ने जहाँ लोकतांत्रिक व्यवस्था, औद्योगीकरण, नगरीकरण तथा आधुनिक शिक्षा के माध्यम से नवीन संभावनाओं का अनुभव किया, वहीं विभाजन की त्रासदी, विस्थापन, आर्थिक विषमता, बेरोजगारी, सामाजिक रूढ़ियों और मानवीय संबंधों में बढ़ती जटिलताओं जैसी समस्याओं का भी सामना किया। इन परिस्थितियों ने हिंदी कथा साहित्य की विषयवस्तु, संवेदना और शिल्प को व्यापक रूप से प्रभावित किया।

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानी और उपन्यास में व्यक्ति के आंतरिक संघर्ष, अस्तित्वगत संकट, मध्यवर्गीय जीवन की विडंबनाओं, ग्रामीण समाज के विघटन, स्त्री की अस्मिता, जातिगत भेदभाव तथा राजनीतिक-सामाजिक विसंगतियों को प्रमुखता प्राप्त हुई। प्रेमचंद की सामाजिक यथार्थवादी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हिंदी कथा साहित्य ने नई कहानी आंदोलन, सचेतन कहानी, समानांतर कहानी, जनवादी कहानी तथा समकालीन विमर्शों के माध्यम से विविध रूप ग्रहण किए। जैनेन्द्र कुमार, अज्ञेय, यशपाल, फणीश्वरनाथ रेणु, मोहन राकेश, कमलेश्वर, राजेंद्र यादव, निर्मल वर्मा, मन्नू भंडारी, कृष्णा सोबती, भीष्म साहनी, उदय प्रकाश तथा दलित एवं स्त्री कथाकारों ने इस विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रस्तुत शोध-पत्र का उद्देश्य स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों, विकास-क्रम, प्रतिनिधि रचनाकारों और सामाजिक प्रासंगिकता का विश्लेषण करना है। अध्ययन में ऐतिहासिक, समाजशास्त्रीय, तुलनात्मक तथा मनोवैज्ञानिक दृष्टियों का उपयोग किया गया है।

शब्द कुंजी – स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य, हिंदी कहानी, हिंदी उपन्यास, नई कहानी, सामाजिक यथार्थ, मध्यवर्गीय चेतना, स्त्री-विमर्श, दलित-विमर्श, आधुनिकता।

प्रस्तावना – साहित्य अपने समय और समाज की संवेदनाओं, संघर्षों, आकांक्षाओं तथा अंतर्विरोधों की कलात्मक अभिव्यक्ति है। किसी भी साहित्यिक विधा का विकास उस समाज की ऐतिहासिक परिस्थितियों से पृथक् करके नहीं समझा जा सकता, जिसके बीच उसका सृजन होता है। हिंदी कथा साहित्य के संदर्भ में यह तथ्य विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि कहानी और उपन्यास ने आधुनिक भारतीय समाज के परिवर्तनशील स्वरूप को अभिव्यक्त करने में केंद्रीय भूमिका निभाई है।

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य से आशय सामान्यत: 1947 के बाद विकसित हिंदी कहानी और उपन्यास की उस परंपरा से है, जिसमें स्वतंत्र भारत की बदलती सामाजिक संरचना, राजनीतिक चेतना, आर्थिक परिस्थितियों और व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक अनुभवों का चित्रण हुआ। इस साहित्य का आरंभ किसी एक निश्चित आंदोलन या शैली से नहीं होता, बल्कि यह प्रेमचंदोत्तर कथा परंपरा, प्रगतिशील साहित्यिक चेतना, मनोविश्लेषणात्मक लेखन और आधुनिकतावादी प्रयोगों के परस्पर संवाद से विकसित होता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारतीय समाज के सामने राष्ट्र-निर्माण, सामाजिक समानता, आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना जैसे व्यापक लक्ष्य थे। किंतु स्वतंत्रता के आदर्शों और सामाजिक वास्तविकताओं के बीच अनेक अंतर्विरोध भी उपस्थित थे। विभाजन के कारण उत्पन्न विस्थापन और सांप्रदायिक हिंसा, ग्रामीण निर्धनता, जातिगत असमानता, प्रशासनिक भ्रष्टाचार तथा शहरी जीवन की प्रतिस्पर्धा ने साहित्यकारों को नए प्रश्नों से सामना कराया। परिणामस्वरूप कथा साहित्य में केवल बाहरी घटनाओं का चित्रण पर्याप्त नहीं रहाय व्यक्ति के अकेलेपन, मानसिक तनाव, असुरक्षा, संबंध-विघटन और अस्तित्वगत बेचैनी को भी महत्त्व मिलने लगा।

इस प्रकार स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य का अध्ययन स्वतंत्र भारत के सामाजिक इतिहास और साहित्यिक आधुनिकता को समझने का महत्त्वपूर्ण माध्यम है।

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य में भाषा एवं शिल्पगत परिवर्तन- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य की उपलब्धियों का मूल्यांकन केवल उसकी विषयवस्तु के आधार पर नहीं किया जा सकता। इस दौर में कथाकारों ने भाषा, कथानक, चरित्र-निर्माण, संवाद, प्रतीक, बिंब और कथन-प्रविधि के स्तर पर भी अनेक प्रयोग किए। इन प्रयोगों ने कहानी और उपन्यास को आधुनिक जीवन की जटिल अनुभूतियों के अनुरूप विकसित किया।

भाषा की विविधता- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य की भाषा एकरूप नहीं है। प्रेमचंद की परंपरा से जुड़े कथाकारों की भाषा में सहजता, सामाजिक

यथार्थ और जनसामान्य की अभिव्यक्ति को महत्त्व मिलता है, जबकि आधुनिकतावादी कथाकारों की भाषा में प्रतीकात्मकता, सांकेतिकता और मनोवैज्ञानिक सूक्ष्मता अधिक दिखाई दे सकती है।

फणीश्वरनाथ रेणु की रचनाओं में क्षेत्रीय बोलियों, लोकप्रयोगों और स्थानीय संस्कृति का प्रभाव मिलता है। इससे ग्रामीण जीवन की विशिष्टता और भाषिक जीवंतता उभरती है। दूसरी ओर, निर्मल वर्मा की भाषा में सूक्ष्म संवेदनाओं, स्मृतियों और मौन को व्यक्त करने की विशेष क्षमता दिखाई देती है।

इस प्रकार भाषा केवल कथानक प्रस्तुत करने का माध्यम नहीं रह जाती, बल्कि वह पात्रों की सामाजिक स्थिति, सांस्कृतिक पहचान और मानसिक संसार को निर्मित करने में सक्रिय भूमिका निभाती है।

कथानक और चरित्र-निर्माण- परंपरागत कहानी में घटनाओं का क्रम, संघर्ष और समाधान प्राय: केंद्रीय भूमिका निभाते थे। स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानी में अनेक रचनाकारों ने इस संरचना को परिवर्तित किया। अब किसी छोटी-सी घटना, स्मृति, मानसिक प्रतिक्रिया या अधूरे संवाद के माध्यम से भी व्यापक जीवनानुभव व्यक्त किया जाने लगा।नई कहानी में पात्रों का महत्त्व बढ़ा और कथानक कई बार उनके मनोवैज्ञानिक अनुभवों के इर्द-गिर्द विकसित हुआ। चरित्रों को पूर्णत: आदर्श या खलनायक के रूप में प्रस्तुत करने के स्थान पर उनकी कमजोरियों, अंतर्विरोधों और परिस्थितिजन्य विवशताओं को भी महत्त्व दिया गया।इस परिवर्तन से कथा साहित्य में मानवीय व्यवहार की जटिलता को अधिक विश्वसनीय ढंग से व्यक्त करने की संभावनाएँ विकसित हुईं।

प्रतीकात्मकता और सांकेतिकता- आधुनिक हिंदी कथा साहित्य में प्रतीकों का प्रयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय है। प्रतीक के माध्यम से लेखक किसी मन:स्थिति, सामाजिक संकट अथवा व्यापक जीवनानुभव को प्रत्यक्ष वर्णन के स्थान पर संकेतात्मक रूप में प्रस्तुत कर सकता है।निर्मल वर्मा की कहानियों में वातावरण, मौसम, स्थान, स्मृति और मौन कई बार पात्रों की आंतरिक स्थिति के साथ जुड़ जाते हैं। इस प्रकार बाहरी परिवेश और अंतर्मन के बीच संबंध स्थापित होता है।प्रतीकात्मकता की यह प्रवृत्ति पाठक को रचना के अर्थ-निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती है। हालाँकि प्रत्येक प्रतीक का एक ही निश्चित अर्थ मान लेना उचित नहीं हैय उसका अर्थ रचना के संदर्भ, पात्रों की स्थिति और कथात्मक संरचना के अनुसार बदल सकता है।

संवाद और मौन की भूमिका- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य में संवादों का स्वरूप भी बदला। अनेक कहानियों में पात्रों के बीच होने वाली बातचीत से अधिक महत्त्व उन बातों का होता है जिन्हें वे कह नहीं पाते। संवादों के बीच की चुप्पी, अधूरे वाक्य और विषय बदल देना भी संबंधों की स्थिति को व्यक्त करते हैं।मोहन राकेश और निर्मल वर्मा की कथा-दृष्टि का अध्ययन करते समय यह विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है कि संवादहीनता किस प्रकार भावनात्मक दूरी, असुरक्षा और संबंधों के संकट का संकेत बनती है।इस प्रकार मौन केवल अभिव्यक्ति का अभाव नहीं है, बल्कि वह भी कथा का अर्थपूर्ण हिस्सा बन जाता है।

प्रमुख कथाकारों का योगदान : एक तुलनात्मक विवेचन- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य में अनेक रचनाकारों ने अपने विशिष्ट दृष्टिकोण, विषय-वस्तु तथा शिल्पगत प्रयोगों के माध्यम से हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। इन कथाकारों की रचनाओं में स्वतंत्रता के बाद बदलते भारतीय समाज, राजनीतिक परिस्थितियों, सामाजिक विषमताओं, पारिवारिक संबंधों, स्त्री-अस्मिता, ग्रामीण जीवन तथा आधुनिक मनुष्य की मनोवैज्ञानिक जटिलताओं का विविधतापूर्ण चित्रण मिलता है। प्रत्येक कथाकार ने अपने समय की सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों को अलग-अलग दृष्टिकोणों से प्रस्तुत करते हुए हिंदी कथा साहित्य के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

यशपाल स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य के प्रमुख कथाकारों में से एक हैं। उनके उपन्यास झूठा सच में भारत-विभाजन की त्रासदी, राजनीतिक संघर्ष, सांप्रदायिकता तथा सामाजिक परिवर्तन का व्यापक चित्रण मिलता है। यशपाल ने विभाजन के कारण उत्पन्न मानवीय संकटों और सामाजिक विघटन को यथार्थवादी दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। उनकी रचनाओं में राजनीतिक चेतना, सामाजिक समानता तथा रूढ़िवादी मान्यताओं के प्रति आलोचनात्मक दृष्टि दिखाई देती है।

फणीश्वरनाथ रेणु ने हिंदी कथा साहित्य में आंचलिकता की अवधारणा को विशिष्ट पहचान प्रदान की। उनका प्रसिद्ध उपन्यास मैला आँचल ग्रामीण जीवन, लोकसंस्कृति, लोकभाषा, लोकगीतों तथा ग्रामीण समाज की समस्याओं का जीवंत चित्र प्रस्तुत करता है। रेणु की रचनाओं में ग्रामीण जीवन केवल पृष्ठभूमि के रूप में उपस्थित नहीं होता, बल्कि वह अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक संरचना और जीवन-दृष्टि के साथ कथा का अभिन्न अंग बन जाता है। उन्होंने लोकजीवन की सहजता, संवेदनशीलता और अंतर्विरोधों को साहित्यिक अभिव्यक्ति प्रदान की।

मोहन राकेश नई कहानी आंदोलन के प्रमुख रचनाकार हैं। उनकी कहानी उसकी रोटी में दांपत्य संबंधों के तनाव, प्रतीक्षा, भावनात्मक दूरी तथा संवादहीनता का सूक्ष्म चित्रण मिलता है। मोहन राकेश ने आधुनिक मनुष्य के संबंधों में उत्पन्न रिक्तता और मानसिक असंतोष को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया। उनकी कहानियों में बाहरी घटनाओं की अपेक्षा पात्रों की आंतरिक मन:स्थितियों, संवेदनात्मक जटिलताओं और संबंधों के बदलते स्वरूप को अधिक महत्त्व दिया गया है।

निर्मल वर्मा ने हिंदी कहानी को आधुनिक मनुष्य के अकेलेपन, स्मृति, अजनबीपन तथा अस्तित्वगत संकटों की गहन अनुभूति से समृद्ध किया। उनकी प्रतिनिधि कहानी परिंदे आधुनिक मनुष्य की भावनात्मक असुरक्षा, संबंधों की अनिश्चितता और आंतरिक रिक्तता को अभिव्यक्त करती है। निर्मल वर्मा की कहानियों में पात्र अनेक बार अपने परिवेश और संबंधों के बीच रहते हुए भी मानसिक रूप से अकेले दिखाई देते हैं। उनकी कथा-भाषा में प्रतीकात्मकता, सूक्ष्म संवेदनशीलता और मौन की अर्थपूर्ण भूमिका दिखाई देती है। इस प्रकार उन्होंने हिंदी कहानी को मनोवैज्ञानिक गहराई और आधुनिकतावादी संवेदना प्रदान की।

मन्नू भंडारी ने हिंदी कथा साहित्य में मध्यवर्गीय जीवन, पारिवारिक संबंधों तथा स्त्री-जीवन की समस्याओं को प्रभावशाली अभिव्यक्ति दी। उनका उपन्यास आपका बंटी पारिवारिक विघटन और उसके कारण बाल-मन पर पड़ने वाले प्रभावों का मार्मिक चित्रण करता है। इसमें माता-पिता के वैवाहिक संबंधों में उत्पन्न तनाव तथा अलगाव की परिस्थितियों के बीच बच्चे की मानसिक पीड़ा को केंद्र में रखा गया है। मन्नू भंडारी की रचनाएँ यह स्पष्ट करती हैं कि पारिवारिक संघर्षों का प्रभाव केवल वयस्कों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि बच्चों के भावनात्मक विकास और व्यक्तित्व को भी प्रभावित करता है।

कृष्णा सोबती ने हिंदी कथा साहित्य में स्त्री-अस्मिता, स्त्री-स्वतंत्रता और सामाजिक नैतिकता से जुड़े प्रश्नों को नई दृष्टि प्रदान की। उनका उपन्यास मित्रो मरजानी स्त्री की इच्छाओं, उसकी स्वतंत्र अभिव्यक्ति तथा पारंपरिक सामाजिक मर्यादाओं के साथ उसके संघर्ष को सामने लाता है। कृष्णा सोबती ने स्त्री को केवल पारिवारिक भूमिकाओं तक सीमित रखने वाली सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी। उनकी भाषा में लोकजीवन की सहजता, बोलचाल की जीवंतता और पात्रानुकूल अभिव्यक्ति का विशिष्ट महत्त्व है।

भीष्म साहनी ने अपने साहित्य के माध्यम से सांप्रदायिकता, विभाजन, सामाजिक विषमता तथा मानवीय संबंधों की जटिलताओं को अभिव्यक्त किया। उनका प्रसिद्ध उपन्यास तमस भारत-विभाजन के समय उत्पन्न सांप्रदायिक तनाव और मानवीय त्रासदी का सशक्त चित्रण प्रस्तुत करता है। भीष्म साहनी ने दिखाया कि राजनीतिक स्वार्थ और सांप्रदायिक उन्माद किस प्रकार सामान्य मनुष्यों के जीवन को विनाशकारी परिस्थितियों में पहुँचा देते हैं। उनकी रचनाओं की विशेषता यह है कि वे किसी एक समुदाय के दृष्टिकोण तक सीमित न रहकर मानवीय संवेदना और सामाजिक विवेक को प्राथमिकता देती हैं।

अमरकांत ने हिंदी कथा साहित्य में निम्न-मध्यवर्गीय जीवन, आर्थिक अभाव, सामाजिक प्रतिष्ठा की आकांक्षा तथा व्यवस्था से उत्पन्न निराशा का यथार्थपरक चित्रण किया। उनकी प्रसिद्ध कहानी डिप्टी कलक्टरी में सरकारी पद प्राप्त करने की आकांक्षा के माध्यम से निम्न-मध्यवर्गीय मानसिकता, सामाजिक प्रतिष्ठा की लालसा और आर्थिक-सामाजिक परिस्थितियों के दबाव को प्रस्तुत किया गया है। अमरकांत की कहानियों में सामान्य जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं के माध्यम से व्यापक सामाजिक यथार्थ उजागर होता है। उनकी भाषा सरल, सहज और पात्रों के जीवनानुभवों के अनुकूल है।

उदय प्रकाश ने समकालीन हिंदी कथा साहित्य में सामाजिक विषमता, पहचान के संकट, भ्रष्ट प्रशासनिक व्यवस्था तथा संस्थागत अन्याय को प्रमुखता से अभिव्यक्त किया। उनकी कहानी मोहनदास एक ऐसे व्यक्ति की त्रासदी को सामने लाती है, जिसकी पहचान और उपलब्धियों पर शक्तिशाली लोग अनुचित रूप से अधिकार कर लेते हैं। इस कहानी के माध्यम से लेखक ने व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, सामाजिक असमानता और न्याय प्राप्त करने की कठिनाइयों को उजागर किया है। उदय प्रकाश की कथा-दृष्टि में व्यक्तिगत संघर्ष व्यापक सामाजिक तथा राजनीतिक संरचनाओं से जुड़ जाता है।

चित्रा मुद्गल ने हिंदी कथा साहित्य में श्रमिक जीवन, औद्योगिक संघर्ष, सामाजिक विषमता और बदलते मानवीय मूल्यों को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। उनका उपन्यास आवाँ श्रमिक वर्ग के जीवन, मजदूर आंदोलनों, ट्रेड यूनियन राजनीति तथा सामाजिक-आर्थिक संघर्षों का व्यापक चित्र प्रस्तुत करता है। चित्रा मुद्गल ने श्रमिकों की समस्याओं को केवल आर्थिक प्रश्न के रूप में नहीं देखा, बल्कि उनके सामाजिक अस्तित्व, पारिवारिक जीवन और मानवीय गरिमा से भी जोड़ा है। उनकी रचनाएँ आधुनिक समाज में श्रम, अधिकार और न्याय से संबंधित प्रश्नों को गंभीरता से उठाती हैं।

इस प्रकार स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य के इन प्रमुख कथाकारों का योगदान विषयगत एवं शिल्पगत विविधता से परिपूर्ण है। यशपाल ने विभाजन और राजनीतिक परिवर्तन को, फणीश्वरनाथ रेणु ने ग्रामीण जीवन और आंचलिक संस्कृति को, मोहन राकेश ने संबंधों के तनाव को तथा निर्मल वर्मा ने आधुनिक मनुष्य के अकेलेपन और अस्तित्वगत संकट को अपनी रचनाओं में प्रमुखता दी। मन्नू भंडारी और कृष्णा सोबती ने पारिवारिक विघटन, स्त्री-अस्मिता तथा सामाजिक मान्यताओं पर प्रश्न उठाए, जबकि भीष्म साहनी ने सांप्रदायिकता और मानवीय त्रासदी को अभिव्यक्त किया। अमरकांत ने निम्न-मध्यवर्गीय जीवन की आकांक्षाओं और विवशताओं को, उदय प्रकाश ने संस्थागत अन्याय और पहचान के संकट को तथा चित्रा मुद्गल ने श्रमिक वर्ग के संघर्षों को साहित्यिक अभिव्यक्ति प्रदान की। अंततः कहा जा सकता है कि इन कथाकारों की रचनाएँ मिलकर स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज का बहुआयामी चित्र प्रस्तुत करती हैं। इनके साहित्य में सामाजिक यथार्थ और व्यक्तिगत संवेदना, राजनीतिक चेतना और मनोवैज्ञानिक विश्लेषण, लोकजीवन और आधुनिकता तथा परंपरा और परिवर्तन के विविध पक्ष परस्पर संबद्ध दिखाई देते हैं। यही विविधता स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य को व्यापकता, गहराई और वैचारिक समृद्धि प्रदान करती है।

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य की उपलब्धियाँ

प्रमुख उपलब्धियाँ- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य की पहली बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने सामान्य मनुष्य के जीवन को साहित्य के केंद्र में स्थापित किया। किसान, मजदूर, नौकरीपेशा व्यक्ति, स्त्री, दलित, विस्थापित और सामाजिक रूप से वंचित समुदायों के अनुभवों को व्यापक अभिव्यक्ति मिली।

दूसरी उपलब्धि व्यक्ति के अंतर्मन की गहरी पड़ताल है। कथा साहित्य ने यह दिखाया कि सामाजिक समस्याएँ केवल बाहरी परिस्थितियों में उपस्थित नहीं होतीं, बल्कि वे व्यक्ति की चेतना, संबंधों और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती हैं।

तीसरी उपलब्धि स्त्री और दलित विमर्श के माध्यम से साहित्यिक प्रतिनिधित्व की अवधारणा का विस्तार है। इन विमर्शों ने उन अनुभवों और आवाजों को सामने लाने में सहायता की जिन्हें पारंपरिक साहित्यिक दृष्टियों में पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाया था।

चौथी उपलब्धि शिल्पगत प्रयोगों की विविधता है। प्रतीकात्मकता, आंतरिक एकालाप, स्मृति, बहुस्तरीय कथन और स्थानीय भाषिक प्रयोगों ने हिंदी कथा साहित्य की अभिव्यक्ति-क्षमता को समृद्ध किया।

समकालीन संदर्भ में स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य की प्रासंगिकता- आज का भारतीय समाज तकनीकी विकास, डिजिटल संचार, वैश्वीकरण, उपभोक्तावाद और बदलते पारिवारिक संबंधों के दौर से गुजर रहा है। इन परिवर्तनों के बावजूद अकेलापन, सामाजिक असमानता, लैंगिक भेदभाव, जातिगत अन्याय, आर्थिक असुरक्षा और पहचान का संकट जैसे प्रश्न समाप्त नहीं हुए हैं।

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य इन समस्याओं को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझने का अवसर देता है। नई कहानी में चित्रित संवादहीनता और मध्यवर्गीय तनाव आज के डिजिटल युग में भी नए रूपों में दिखाई दे सकते हैं। ग्रामीण कथा साहित्य विकास की असमानताओं तथा स्थानीय संस्कृतियों के महत्त्व को समझने में सहायता करता है। स्त्री और दलित विमर्श समानता, गरिमा तथा सामाजिक न्याय के प्रश्नों पर विचार करने की दृष्टि प्रदान करते हैं।इसी प्रकार विभाजन-केंद्रित रचनाएँ सांप्रदायिकता और विस्थापन के परिणामों को समझने के लिए प्रासंगिक बनी हुई हैं। आधुनिकतावादी साहित्य व्यक्ति की आंतरिक स्वतंत्रता और मानसिक

जटिलताओं पर विचार करने का अवसर देता है।इस साहित्य की समकालीन प्रासंगिकता इसी में है कि यह पाठक को केवल अतीत की सामाजिक परिस्थितियों से परिचित नहीं कराता, बल्कि वर्तमान जीवन की समस्याओं को अधिक संवेदनशील और आलोचनात्मक दृष्टि से देखने के लिए भी प्रेरित करता है।

निष्कर्ष – स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य स्वतंत्र भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक यात्रा का बहुआयामी साहित्यिक दस्तावेज है। इस साहित्य में स्वतंत्रता के आदर्शों, सामाजिक परिवर्तन की संभावनाओं और यथार्थ के अंतर्विरोधों को विविध रूपों में अभिव्यक्त किया गया है। प्रेमचंद की सामाजिक यथार्थवादी परंपरा से आगे बढ़ते हुए हिंदी कहानी और उपन्यास ने व्यक्ति के अंतर्मन, मध्यवर्गीय जीवन, ग्रामीण समाज, स्त्री–अस्मिता, दलित चेतना, सांप्रदायिकता, विस्थापन और आधुनिकता के संकटों को अपने कथ्य का हिस्सा बनाया।

नई कहानी आंदोलन ने व्यक्ति के निजी अनुभवों और मनोवैज्ञानिक जटिलताओं को केंद्रीय स्थान प्रदान किया। आंचलिक कथा साहित्य ने ग्रामीण समाज की बहुस्तरीय वास्तविकताओं को सामने रखा। स्त्री तथा दलित विमर्शों ने साहित्य में अनुभव और प्रतिनिधित्व की सीमाओं को चुनौती दी। समकालीन कथा साहित्य ने बाजारवाद, राजनीतिक सत्ता, सामाजिक विषमता और पहचान के प्रश्नों को नए संदर्भों में प्रस्तुत किया। इस विकास–यात्रा की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि हिंदी कथा साहित्य ने सामाजिक यथार्थ और व्यक्ति की संवेदना के बीच संबंध स्थापित किया। उसने यह स्पष्ट किया कि मनुष्य का निजी जीवन सामाजिक संरचनाओं से प्रभावित होता है और सामाजिक परिवर्तन भी व्यक्तियों के अनुभवों के माध्यम से ही अर्थ ग्रहण करता है।अत: स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य का अध्ययन केवल साहित्यिक आंदोलनों और प्रमुख रचनाकारों का इतिहास जानने तक सीमित नहीं है। यह आधुनिक भारतीय समाज की उपलब्धियों, विफलताओं, संघर्षों और मानवीय आकांक्षाओं को समझने की एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। अपनी विषयगत विविधता, शिल्पगत प्रयोगशीलता और सामाजिक प्रतिबद्धता के कारण यह साहित्य आज भी शोध, आलोचना और पाठकीय विमर्श के लिए अत्यंत प्रासंगिक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. अवस्थी, देवीशंकर। 'नई कहानी : संदर्भ और प्रकृति' राजकमल प्रकाशन, 2018.
2. राय, गोपाल, 'हिंदी कहानी का इतिहास' राजकमल प्रकाशन, 2008.
3. सिंह, नामवर, 'कहानी : नई कहानी' राजकमल प्रकाशन, 2004.
4. कमलेश्वर, 'नई कहानी की भूमिका' राजकमल प्रकाशन, 2015,
5. मिश्रा, रामदरश, 'हिंदी कहानी : अंतरंग पहचान' वाणी प्रकाशन.
6. मधुरेश, 'हिंदी कहानी का विकास' राधाकृष्ण प्रकाशन, 2003.
7. देवी, लॉन्गजम रोमी, 'स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानी : आलोचना, परंपरा एवं प्रयोग' चिंतन प्रकाशन, 2025.
8. भंडारी, मन्नू, 'आपका बंटी' राजकमल प्रकाशन।
9. रेणु, फणीश्वरनाथ, 'मैला आँचल' राजकमल प्रकाशन।
10. राकेश, मोहन, 'उसकी रोटी तथा अन्य कहानिया' राजपाल एंड सन्ज।
11. वर्मा, निर्मल, 'परिंदे' राजकमल प्रकाशन।
12. वर्मा, निर्मल, 'वे दिन' राजकमल प्रकाशन।
13. साहनी, भीष्म, 'तमस' राजकमल प्रकाशन।
14. सोबती, कृष्णा, 'मित्रो मरजानी' राजकमल प्रकाशन।
15. यशपाल, 'झूठा सच' लोकभारती प्रकाशन।
16. वाल्मीकि, 'ओमप्रकाश. जूठन' राधाकृष्ण प्रकाशन।
17. प्रकाश, उदय, 'मोहनदास' वाणी प्रकाशन।
18. मुद्गल, चित्रा, 'आवाँ' सामयिक प्रकाशन।
19. अमरकांत, 'डिप्टी कलक्टरी तथा अन्य कहानिया' राजकमल प्रकाशन
20. यादव, राजेंद्र, 'एक दुनिया समानांतर' राधाकृष्ण प्रकाशन, 2003

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LV (55), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Experience and Education

Dr. Amit Mehta*

***Associate Professor (History) Govt. Arts College, Sikar (Raj.) INDIA**

Abstract: The aim of classroom management is twofold. The first is to establish a quiet and calm environment in the classroom so that the pupils can take part in meaningful learning in a subject. The second aim is that classroom management contributes to the pupils' social and moral development. During an early phase, classroom management focused on pupil behaviour and discipline, and was rooted in a behaviourist understanding.

Introduction

Universal Classroom Management Strategies

Model ideal behavior : Make a habit of demonstrating behavior you want to see, as many studies show that modeling effectively teaches students how to act in different situations. A straightforward way to model certain behaviors is holding a mock conversation with an admin, other teacher or student helper in front of the class. Talking about a test or other relatable topic, be sure to:

1. Use polite language
2. Maintain eye contact
3. Keep phones in your pockets
4. Let one another speak uninterrupted
5. Raise concerns about one another's statements in a respectful manner after, start a class discussion to list and expand upon the ideal behaviors you exemplified.

Let students help establish guidelines : Encourage all students to help you build classroom rules, as you'll generate more buy-in than just telling them what they're not allowed to do. Near the start of the year or semester, start a discussion by asking students what they believe should and shouldn't fly. At what points are phones okay and not okay? What are acceptable noise levels during lessons? This may seem like you're setting yourself up for failure, but — depending on the makeup of you class — you may be shocked at the strictness of some proposed rules. Regardless, having a discussion should lead to mutually-understood and -respected expectations.

Document rules : Don't let your mutually-respected guidelines go forgotten. Similar to handing out a syllabus, print and distribute the list of rules that the class discussion generated. Then, go through the list with your students. Doing this emphasizes the fact that you respect their ideas and intend to adhere to them. And when a student breaks a rule, it'll be easy for you to point to this document. If you're feeling creative, you can include the rule list in a student handbook with important dates, events and curriculum information.

Avoid punishing the class: Address isolated behavior issues instead of punishing an entire class, as the latter can hurt your relationships with students who are on-task and thereby jeopardize other classroom management efforts. Instead, call out specific students in a friendly manner. For example:

1. "Do you have a question?", not "Stop talking and disrupting other students"
2. "Do you need help focusing?", not "Pay attention and stop fooling around while I'm talking"
3. This basic approach will allow you to keep a friendly disposition, while immediately acknowledging poor behavior.

Encourage initiative : Promote growth mindset, and inject variety into your lessons, by allowing students to work ahead and deliver short presentations to share take-away points. Almost inevitably, you'll have some eager learners in your classroom. You can simply ask them if they'd like to get ahead from time-to-time. For example, if you're reading a specific chapter in a textbook, propose that they read the following one too. When they deliver their subsequent presentations to preview the next chapter on your behalf, you may find that other students want a bit more work as well.

Offer praise : Praise students for jobs well done, as doing so improves academic and behavioral performance, according to a recent research review and study. When it is sincere and references specific examples of effort or accomplishment, praise can:

1. Inspire the class
2. Improve a student's self-esteem
3. Reinforce rules and values you want to see

Perhaps more importantly, it encourages students to repeat positive behavior. Let's say a student exemplifies advanced

problem-solving skills when tackling a math word problem. Praising his or her use of specific tactics should go a long way in ensuring he or she continues to use these tactics. Not to mention, you'll motivate other students to do the same.

Use non-verbal communication : Complement words with actions and visual aids to improve content delivery, helping students focus and process lessons. Many differentiated instruction strategies and techniques are rooted in these communication methods. For example, running learning stations— divided sections of your classroom through which students rotate— allows you to deliver a range of non-spoken content types. These include videos, infographics and physical objects such as counting coins.

Give tangible rewards: Reward specific students at the end of each lesson, in front of the class, as another motivational and behavior-reinforcement technique. Let's say a few students are actively listening throughout the entire lesson, answering questions and asking their own. Before the class ends, walk over to their desks to give them raffle tickets. So others can learn, state aloud what each student did to earn the tickets. On Friday, they can submit their tickets for a shot at a prize that changes each week — from candy to being able to choose a game for the next class party.

Make positive letters and phone calls : Keep students happy in and out of class by pleasantly surprising their parents, making positive phone calls and sending complimentary letters home. When the occasion arises, from academic effort or behavioral progress, letting parents know has a trickle-down effect. They'll generally congratulate their kids; their kids will likely come to class eager to earn more positive feedback. This can also entice parents to grow more invested in a child's learning, opening the door to at-home lessons. Such lessons are a mainstay element of culturally-responsive teaching.

Build excitement for content : Start lessons by previewing particularly-exciting parts, hooking student interest from the get-go. As the bell rings and students settle, go through an agenda of the day's highlights. These could include group tasks, engaging bits of content and anything else to pique curiosity. For example, "Throughout the day, you'll learn about:"

1. How to talk like you're a teacher (sentence structure)
2. Why you don't know anyone who's won the lottery (probability)
3. What all the presidents of the United States have had in common (social analysis)

The goal of this classroom management technique is to immediately interest students in your agenda and thereby dissuade misbehavior.

Offer different types of free study time : Provide a range of activities during free study time to appeal to students who struggle to process content in silence, individually. You can do this by dividing your class into clearly-sectioned solo and team activities. In separate sections, consider:

1. Providing audio books, which can play material relevant to your lessons
2. Maintaining a designated quiet space for students to take notes and complete work
3. Creating a station for challenging group games that teach or reinforce curriculum-aligned skills
4. Allowing students to work in groups while taking notes and completing work, away from quiet zones

By running these sorts of activities, free study time will begin to benefit diverse learners. This should contribute to overall classroom engagement.

Write group contracts : Help student group work run smoothly and effectively by writing contracts that contain guidelines, having everyone sign. Group contracts should be based on expectations that students have for each other, and you have for them. You can gather the class's thoughts by holding a discussion about what the ideal group member does, and how he or she acts. Once you've written the contract, encourage students to come up with consequences for violating expectations. By having them sign a fresh version of the contract before each group task and project, you're empowering them to hold each other accountable.

Assign open-ended projects : Encourage students to tackle open-ended projects – projects that don't demand a specific product – to allow them to demonstrate knowledge in ways that inherently suit them. This starts by giving the class a list of broad project ideas, asking each student to choose one. Be sure to provide a rubric for each project that clearly defines expectations. By both enticing and challenging students, you should notice they'll:

1. Work and learn at their own paces
2. Engage actively with appropriate content
3. Demonstrate knowledge as effectively as possible

With these benefits, students may actually look forward to taking on new projects.

Give only two marks for informal assessments : Recall a time you saw a big "F" in red ink on your work. You were probably too upset to review mistakes and feedback, and so are your students when they see the same. So, consider avoiding standard marks on informal and formative assessments. Instead, just state if a student did or did not meet expectations. Then, provide struggling students with a clear path to improve. For example, pair classmates who didn't meet expectations with those who did, giving them a review and practice activity. When strugglers are confident they understand key concepts, encourage them to tell you. Provide a new assessment, allowing them to prove their competency.

Classroom Management Strategies For Individual Students

Use Ed Tech that adjusts to each student : Give students who struggle to process your content opportunities to try educational technology that adapts to their needs. There

are many games and platforms that use adaptive learning principles to detect a given student's skill deficits, serving him or her content to help overcome them. For example, Prodigy is a math video game that adjusts its content to help students address their trouble spots. It also offers feedback to help them solve specific mistakes, as they answer questions that use words, charts, pictures and numbers. More than 800,000 teachers currently use Prodigy, as it's aligned with curricula across the English-speaking world. Try the free platform by signing up below:

Interview students : Interview students who aren't academically engaged or displaying prosocial behavior to learn how to better manage them.

While running learning stations or a large-group activity, pull each student aside for a few minutes. Ask about:

1. What helps them focus
2. Who they work well with
3. Their favorite types of lessons
4. Their favorite in-class activities
5. Which kinds of exercises help them remember key lesson points

Note their answers to come up with activities and approaches that engage them, thereby limiting classroom disruptions.

Address bad behavior quickly: Avoid hesitation when you must address bad behavior, especially when a student breaks a documented rule.

Acting sooner than later will help ensure that negative feelings - whether between students or you and a student - won't fester. Failure to act can result in more poor behavior, leading to needlessly-difficult conversations.

But keep in mind: It's usually best to talk to the student in private. Emerging research shows that punishing students in front of peers has "limited value."

Consider peer teaching: Use peer teaching as a classroom management strategy if you feel your top performers can help engage and educate disruptive and struggling students.

Peer teaching activities, such as pairing students together as reading buddies, can be especially beneficial for students who suffer from low confidence and poor interpersonal skills.

Authoritative research states tutors improve self-esteem and interpersonal skills by giving feedback. Tutees realize these benefits by asking questions and receiving immediate clarification. A later study of at-risk students echoes these advantages. Although you should spend time teaching peer tutors how to properly communicate with tutees, you'll likely find the benefits are worth the work.

Gamify personal learning plans: Motivate students on personal learning plans by gamifying those plans, as studies indicate this will continuously engage and incentivize them. If these strategies work especially well for individual students, you should see similar success by using them as class-wide student management techniques.

References:-

1. Anderman, L., Andrzejewski, C.E. & Allen, J. (2011) How do Teachers Support Students' Motivation and Learning in their Classrooms?, Teachers College Record, 13(5), 969-1003.
2. Boekaerts, M., Pintrich, P. & Zeidner, M. (2000) Self-regulation: an introductory review, in M. Boekaerts, P.R. Pintrich& M. Zeidner (Eds) Handbook of Self-Regulation, pp. 1-9. San Diego, CA: Academic Press.
3. Brekelmans, M., Sleegers, P. & Fraser, B. (2000. Teaching for Active Learning, in P.R.J. Simons, J.L. van der Linden & T. Duffy (Eds) New Learning, pp. 227-242. Dordrecht: Kluwer.
4. Brok, P. den, Brekelmans, M. & Wubbels, T. (2004) Interpersonal Teacher Behaviour and Student Outcomes, School Effectiveness and School Improvement, 15(3-4), 407-442.
5. Cornelius-White, J. (2007). Learner-centered teacher-student relationships are effective: A meta-analysis, Review of Educational Research, 77(1), 113-143. http://dx.doi.org/10.3102/003465430298563 Dewey, J. (1900) The School and Society. Chicago: University Chicago Press.
6. Dewey, J. (1916) Democracy and Education. An Introduction to the Philosophy of Education. New York: Macmillan. Dewey, J. (1938) Experience and Education. New York. Macmillan.
7. Doyle, W. (1986) Classroom Organization and Management, in M. Wittrock (Ed.) Handbook on Research on Teaching. 3rd edn, pp. 392-431. London: Macmillan.
8. Doyle, W. (2006) Ecological Management to Classroom Management, in C.M. Evertson & C.S. Weinstein (Eds) Handbook of Classroom Management: research, practice, and competence issues, pp. 97-125.
9. Evertson, C.M. & Weinstein, C.S. (2006) Classroom Management as a Field of Inquiry, in C.M. Evertson & C.S. Weinstein (Eds) Handbook of Classroom Management: research, practice, and competence issues, pp. 3-15. Mahwah, NJ: Lawrence Erlbaum. Freiberg, H.J. & Lamb, S.M. (2009) Dimensions of Person-centered Classroom Management, Theory into Practice, 48(2), 99-105. http://dx.doi.org/10.1080/00405840902776228 Friedman, I.A. (2006) Classroom Management and Teacher Stress and Burnout, in
10. Evertson & C. Weinstein (Eds) The Handbook of Classroom Management, pp. 925-944. Mahwah, NJ: Lawrence Erlbaum.
11. Garfinkel, H. (1967) Studies in Ethnomethodology. Englewood Cliffs, NJ: Prentice Hall.
12. Goleman, D. (1997) Emotional Intelligence: why it can matter more than IQ. New York:

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LV (55), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

पद्म पुराणीय जल-तीर्थ : समकालीन पर्यावरणीय प्रासंगिकता

सुरेश कुमार मीणा*

* शोधार्थी (संस्कृत) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – भारतीय संस्कृति में पुराण केवल धार्मिक आख्यान न होकर प्रागैतिहासिक एवं ऐतिहासिक काल के पारिस्थितिकीय कोष हैं। अष्टादश महापुराणों में वैष्णव परम्परा का प्रमुख ग्रन्थ पद्म पुराण जल-संरक्षण, वनीकरण, मृदा संरक्षण तथा नदियों-जलाशयों की स्वच्छता को धर्म तथा मोक्ष से जोड़कर प्रस्तुत करता है। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर गहराते जल-संकट, नदियों के प्रदूषण तथा जलवायु परिवर्तन जैसी पारिस्थितिकीय चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में पद्म पुराण में प्रतिपादित 'तीर्थ-अवधारणा' केवल आध्यात्मिक न होकर जल-पारिस्थितिकी के संरक्षण की एक सुदृढ़ व्यावहारिक नीति प्रस्तुत करती है। प्रस्तुत शोध पत्र पद्म पुराण के विभिन्न खण्डों में वर्णित नदी एवं जलाशय तीर्थों के पौराणिक साक्ष्यों का विश्लेषण करते हुए उनकी समकालीन पर्यावरणीय प्रासंगिकता को रेखांकित करता है।

शब्द कुंजी – पद्म पुराण, जल-तीर्थ, पारिस्थितिकी तन्त्र, जल-संरक्षण, पूर्त धर्म तथा समकालीन प्रासंगिकता।

प्रस्तावना – आधुनिक औद्योगिक एवं तकनीकी युग में मानव जाति जिस गम्भीर पर्यावरण संकट का सामना कर रही है, उसका मूल कारण प्रकृति के प्रति संकुचित उपभोगवादी दृष्टिकोण है। इसके विपरीत, प्राचीन भारतीय वैदिक एवं पौराणिक परम्परा में पर्यावरण को उपभोग योग्य वस्तु न मानकर 'माता' तथा 'देवता' के रूप में पूजनीय एवं जीवनदायिनी शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है।

पद्म पुराण, जो अष्टादश महापुराणों में अत्यन्त बृहद् एवं महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इसमें प्रकृति संरक्षण को मानव कर्त्तव्य के मुख्य केन्द्र में रखा गया है। पद्म पुराण के विभिन्न खण्डों में वर्णित तीर्थ यात्रा का उद्देश्य केवल आत्म-शुद्धि या पारलौकिक फल प्राप्ति तक सीमित नहीं है, अपितु वह प्राकृतिक संसाधनों, विशेष रूप से जल तथा वनस्पति के संरक्षण का एक सामाजिक- सांस्कृतिक संकल्प पत्र प्रस्तुत करता है।[1]

पद्म पुराण में तीर्थों का वर्गीकरण एवं पारिभाषिक संरचना : पद्म पुराण के अनुसार तीर्थ केवल भौगोलिक स्थल मात्र नहीं हैं, अपितु वे संचेतना के केन्द्र हैं। पद्म पुराण में तीर्थों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया हैं-

1. **स्थावर तीर्थ :** नदी, वन, पर्वत, जलाशय, सरोवर, कुण्ड तथा कुएँ।
2. **जंगम तीर्थ :** ज्ञानी पुरुष, सन्त तथा शुद्ध आचरण से युक्त मनुष्य।
3. **मानस तीर्थ :** सत्य, शौच, दया, क्षमा तथा इन्द्रिय निग्रह इत्यादि।

स्थावर तीर्थों के अन्तर्गत इस पुराण में जल स्त्रोतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। जल-स्त्रोतों को 'तीर्थ' घोषित करने का मुख्य ध्येय जन-सामान्य के मन में उनके प्रति पवित्रता का भाव जगाना था जिससे वे मानवीय प्रदूषण से मुक्त रह सकें।[2] पद्म पुराण में गङ्गा, यमुना, सरस्वती, कावेरी, नर्मदा तथा गोदावरी जैसी प्रमुख नदियों के अतिरिक्त अनेक स्थानीय नदियों के पारिस्थितिकीय महत्त्व का वर्णन है। नदियों के तटों को 'पापनाशक' कहने के पीछे मुख्य उद्देश्य जल की अविरलता तथा निर्मलता को बनाए रखना था-

क्षितौ भावयतो मर्त्यान्नागांस्तारयतेप्यधः।
दिवि तारयते देवान् गंगात्रिपथगास्मृता।।[3]

अर्थात् त्रिपथगामिनी गङ्गा जी पृथ्वी लोक पर अपने भक्त मानव को, पाताल में नागों को तथा स्वर्ग में देवताओं को तारती हैं। पद्म पुराण में कश्यप हद, पुष्कर सरोवर तथा राधा कुण्ड जैसे विभिन्न जलाशयों का विस्तृत वर्णन मिलता है। जलाशयों का निर्माण तथा उनका जीर्णोद्धार इस पुराण में 'पूर्त धर्म' के अन्तर्गत महान पुण्य का कार्य माना गया है। कुण्ड, सरोवर एवं तड़ाग न केवल तीर्थस्थल थे, अपितु जनजीवन के अभिन्न अंग भी थे। इनके माध्यम से पर्यावरणीय सन्तुलन एवं जल संरक्षण की भावना को भी बल मिला, जो आज के सन्दर्भ में अत्यन्त प्रासंगिक है। पद्म पुराण में जलाशयों की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए बताया गया है कि-

पानीयदानं परमं दानानामुत्तमं सदा।
तस्माद्वापीश्च कूपांश्च तड़ागानि च कारयेत्।।[4]

इस संसार में जल का दान श्रेष्ठ तथा सभी दानों में उत्तम है। अतएव वापी, कूप तथा तड़ाग का निर्माण करना चाहिए।

पद्म पुराण में जल-पारिस्थितिकी एवं पूर्त धर्म पद्म पुराण में समाज कल्याणकारी कार्यों को 'पूर्त धर्म' के अन्तर्गत रखा गया है। वापी (बावड़ी), कूप, तड़ाग तथा जलाशयों का निर्माण कराना यज्ञानुष्ठानों से भी अधिक पुण्यदायी माना गया है-

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन वापीकूपतटाककम्।
कारयेच्च बलैः सर्वैस्तथा सर्वधनेन च।।
ततो विनिर्जले देशे यो ददाति जलाशयम्।
वासरे वासरे तस्य कल्पं स्वर्गविनिर्दिशेत्।।[5]

अर्थात् हर तरह का प्रयास करके वापी, कूप तथा तड़ाग का निर्माण कराना चाहिए तथा सम्पूर्ण बल एवं धन लगाकर इन सभी का निर्माण करना चाहिए क्योंकि जल रहित स्थान में जो जलाशय का दान करता है, उसको

प्रत्येक दिन एक-एक कल्प तक का स्वर्ग प्राप्त होता है।

पद्म पुराण में स्पष्ट उल्लेख है कि जो व्यक्ति ग्रीष्म ऋतु में जीवों के पीने के लिए जल का प्रबन्ध करता है अथवा नए तालाब बनवाता है, वह अक्षय लोक को प्राप्त करता है। यह दृष्टिकोण तत्कालीन समय में जल-सुरक्षा तथा भूजल पुनर्भरण की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है।[6]

पर्यावरण संरक्षण के पौराणिक साक्ष्य एवं वर्तमान प्रासंगिकता : पद्म पुराण में नदियों एवं जलाशयों में गन्दगी फैलाने, मल-मूल त्यागने तथा कचरा फेंकने को महापाप माना गया है-

नदीतीरेषु य: कुर्यान्मलोत्सर्गं विमोहित:।
स याति नरकं घोरं यावच्चन्द्रदिवाकरौ।।[7]

इसी सन्दर्भ में यहाँ बताया गया है कि -

अमेध्यं श्लेष्ममूत्रं वा पुरीषं वा समुद्रजे।
नदीषु न प्रक्षिपेज्प्राज्ञो जलं ह्योधाय जीवनम्।।[8]

अर्थात् बुद्धिमान मनुष्य को चाहिए कि वह नदियों, सागरों एवं जल-स्त्रोतों में गन्दगी, कफ, मूत्र अथवा मल का विसर्जन न करे क्योंकि जल ही समस्त प्राणियों के जीवन का संवर्धन एवं संरक्षण करने वाला आधार है।

आज जब हमारी नदियाँ औद्योगिक कचरे तथा सीवरेज के कारण दम तोड़ रही हैं, तब पद्म पुराण का यह आचारशास्त्र हमें नदियों को मात्र 'जल-सप्लाई की पाइपलाइन' न मानकर जीवन्त पारिस्थितिकी तन्त्र मानने की प्रेरणा देता है।[9] ये पद्य नदियों में औद्योगिक अपशिष्ट एवं सीवेज प्रदूषण को रोकने से सम्बन्धित आधुनिक पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों के शास्त्रीय मूल प्रस्तुत करते है। 'नमामि गंङ्गे'य तथा राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजनाओं के सफल कार्यान्वयन हेतु यह नैतिक दृष्टि अत्यावश्यक है।

पद्म पुराण में वृक्षारोपण को तीर्थ यात्रा के समान फलदायी बताया गया है। विशेषत: जल-स्त्रोतों के समीप पीपल, बरगद, नीम तथा जल-शोधक वृक्षों को लगाने पर बल दिया गया है।

दशकूपसमा वापी दशवापीसमो ह्रद:।
दशह्रदसम: पुत्रो दशपुत्रसमो द्रुम:।।[10]

अर्थात् दस कुएँ खोदने का जो पुण्य है, वह एक वापी (बावड़ी) के निर्माण से मिलता है। दस बावड़ियों का पुण्य एक बड़े सरोवर (ह्रद/झील) के निर्माण से मिलता है। दस सरोवरों के निर्माण का फल एक उत्तम पुत्र की प्राप्ति से मिलता है तथा दस पुत्रों के पालन से मिलने वाला पुण्य केवल एक वृक्ष लगाने तथा उसका संवर्धन करने से प्राप्त होता है। यह वनीकरण को जल-संरक्षण तथा मानव-सन्तति से भी अधिक उच्च प्राथमिकता देता है। इसी सन्दर्भ में आगे बताया गया है कि-

अश्वत्थमेकं पिचुमन्दमेकं न्यग्रोधमेकं।
दशपुष्पजाती: रोपेत्तु य: सोऽपि न याति दुर्गम्।।[11]

अर्थात् जो मनुष्य एक पीपल, एक नीम, एक बरगद तथा दस पुष्प वाले पौधे लगाता है, उसका जीवन कभी संकटग्रस्त नहीं होता।

आधुनिक जल-प्रबन्धन तथा भू-विज्ञान के अनुसार नदियों के तटों पर वृक्ष लगाने से मृदा अपरदन रुकता है, जल की वाष्पीकरण दर घटती है तथा भूजल स्तर में वृद्धि होती है।[12]

समकालीन जल-संकट तथा पद्म पुराण की प्रासंगिकता : वर्तमान समय में संयुक्त राष्ट्र तथा नीति आयोग की रिपोर्टों के अनुसार, भारत सहित पूरा विश्व 'जल-तनाव' से गुजर रहा है। पद्म पुराण की तीर्थ अवधारणा निम्नलिखित बिन्दुओं के माध्यम से इस समस्या का समाधान प्रस्तुत करती है-

1. पद्म पुराण में प्रत्येक गाँव तथा नगर में कूप, बावड़ी तथा तालाब बनाने पर बल दिया गया है, जो आज के रेनवाटर हार्वेस्टिंग (Rainwater Harvesting) का प्राचीन रूप है।
2. केवल कठोर कानून बनाकर जल-संरक्षण सम्भव नहीं है। जब तक जल के प्रति आध्यात्मिक तथा नैतिक भाव नहीं जागेगा, तब तक जन-भागीदारी सम्भव नहीं है।
3. तीर्थ स्थलों के आसपास के वनों (यथा वृन्दावन, नैमिषारण्य) को अभ्यारण्य के रूप में रक्षित रखा जाता था, जहाँ जीवों का वध वर्जित था।

निष्कर्ष : पद्म पुराण में वर्णित तीर्थ केवल धार्मिक आस्था के केन्द्र नहीं हैं, अपितु वे प्राचीन भारत की जल-प्रबन्धन तथा पर्यावरण-संरक्षण प्रणाली के स्तम्भ हैं। आज के उपभोक्तावादी युग में केवल कानूनी प्रावधानों द्वारा जल संरक्षण सम्भव नहीं है, जब तक जल के प्रति सांस्कृतिक तथा नैतिक निष्ठा पुन: जागृत नहीं होगी, तब तक नदियाँ तथा जलाशय सुरक्षित नहीं रह सकते। जब हम पद्म पुराण के सृष्टि, भूमि तथा उत्तर खण्ड के अनुच्छेदों का विश्लेषणात्मक अध्ययन करते हैं तो स्पष्ट होता है कि पौराणिक ऋषियों ने 'तीर्थ' के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की एक जन-कल्याणकारी नीति तैयार की थी।

पद्म पुराण की तीर्थ-अवधारणा को आधुनिक पर्यावरण शास्त्र से जोड़कर देखने पर यह स्पष्ट होता है कि ये पौराणिक साक्ष्य आज भी पर्यावरणीय संकट के निवारण हेतु उतने ही प्रासंगिक तथा व्याावहारिक हैं जितने प्राचीन काल में थे। आज के उपभोक्तावादी तथा पारिस्थितिकीय संकट से घिरे युग में पद्म पुराण का यह सन्देश कि 'जल ही जीवन तथा धर्म का आधार है' अत्यन्त व्यावहारिक एवं प्रासंगिक है। यह अध्ययन सिद्ध करता है कि पौराणिक जल-तीर्थ परम्परा का पुनर्जागरण ही समकालीन जल-संकट का स्थायी समाधान बन सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बलदेव उपाध्याय : पुराण विमर्श, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 2015, पृ. 180-185
2. उमेश चन्द्र जोशी : भारतीय संस्कृति में पर्यावरण चेतना और पुराण, आत्माराम एण्ड सन्स, दिल्ली, 2016, पृ. 92-98
3. श्रीपद्ममहापुराणम्, सृष्टिखण्ड, सम्पादक एवं टीकाकर - शिवप्रसाद द्विवेदी (श्रीधराचार्य), चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, 2016, अध्याय-62, श्लोक 52-53
4. श्रीपद्म महापुराणम्, उत्तरखण्ड, सम्पादक एवं टीकाकार-शिवप्रसाद द्विवेदी (श्रीधराचार्य), चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2016, अध्याय-28, श्लोक-01
5. श्रीपद्ममहापुराणम्, सृष्टि खण्ड, सम्पादक एवं टीकाकर शिव प्रसाद द्विवेदी (श्रीधराचार्य) चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, 2016, अध्याय-57, श्लोक-9-10
6. रामकरण शर्मा : वैष्णव पुराणों में जल-संरक्षण एवं तीर्थ परम्परा, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2021, पृ. 142-150
7. पद्म पुराण, भूमिखण्ड, गीताप्रेस गोरखपुर, संवत 2078, अध्याय-18, श्लोक-23, पृ. 210

8. पद्म पुराण, भूमिखण्ड, अनुवादक एवं सम्पादक – श्रीराम शर्मा आचार्य, संस्कृति संस्थान बरेली, 2018, अध्याय – 32, श्लोक–14, पृ. 235
9. Vandana Shiva : Water wars : Pollution, Profits and Privatization, Pluto Press, London, 2002, P.P 45-50
10. पदम् पुराण, सृष्टि खण्ड, अनुवादक एवं सम्पादक – श्रीराम शर्मा आचार्य, संस्कृति संस्थान बरेली, 2018, अध्याय – 59, श्लोक–18, पृ. 242
11. पद्म पुराण, उत्तरखण्ड, गीताप्रेस गोरखपुर, भाग–4, अध्याय– 227, श्लोक–55, पृ. 482
12. D.P. Agrawal : Ancient Metal and Water Technology in India, Aryan Books International, New Delhi, 2007, PP. - 115-122

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LV (55), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

English Literature in the Contemporary Age : Major Trends, Themes and Transformations

Dr. Rajkumari Sudhir*

***Asst. Professor (English) Govt. Sarojini Naidu Girls P.G. College, Bhopal (M.P.) INDIA**

Abstract: English literature has undergone significant transformation in response to the cultural, political, technological, and social changes of the modern and contemporary world. From the experimental forms of modernism to the fragmented narratives of postmodernism and the technologically mediated literature of the twenty-first century, English literature has continually adapted itself to changing human experiences. Contemporary writers increasingly explore questions of identity, gender, race, migration, globalization, environmental crisis, technology, memory, and cultural displacement. The boundaries between literary genres have also become increasingly fluid, while digital technologies have introduced new forms of literary production and reception. This paper examines the major developments and characteristics of contemporary English literature, with particular attention to postmodernism, multiculturalism, feminist writing, postcolonial literature, migrant narratives, ecological literature, and digital culture. Writers such as Salman Rushdie, Margaret Atwood, Kazuo Ishiguro, Zadie Smith, Arundhati Roy, Amitav Ghosh, and Ian McEwan demonstrate the diversity and complexity of contemporary literary expression. The paper argues that present-day English literature is characterized by plurality, experimentation, cultural hybridity, and an increasing engagement with global and technological realities.

